हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 — नागपुर, सोमवार, 13 जनवरी 2025 — अंक 92/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




## संगम की रेत पर श्रद्धालुओं का रेला

### इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

**प्रयागराज.**

संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी यानी आज से महाकुंभ मेला शुरू हो रहा है और कल पहला शाही स्नान होने जा रहा है. हर कोई महाकुंभ जाने से अपने आप को रोक नहीं पा रहा है. देश के कोने-कोने से अलग-अलग वेशभूषा में साधु-संत और लोग यहां पर पहुंच रहे हैं. यहां तक की विदेश से भी लाखों श्रद्धालु यहां पर आ रहे हैं. महाकुंभ के लिए प्रयागराज नगरी पूरी तरह से सज चुकी है. यहां पहुंचे कुछ लोगों ने बताया कि वो दिल्ली से आए हैं और इस बार कुंभ का आयोजन काफी अच्छा हो रहा है. व्यवस्था काफी अच्छी की गई है, कोई परेशानी नहीं हो रही है. एक शख्स ने आईएएनएस को बताया कि "प्रयागराज आकर बहुत आनंद आ रहा है. महादेव की कृपा से भोले की फौज, मौज करेगी."यूपी के बुलंदशहर से आए एक व्यक्ति ने भव्य आयोजन पर खुशी जाहिर की. उन्होंने बताया कि "हमने महाकाल का स्वरूप धारण किया है. हमारा 45 लोगों का समूह यहां पर आया है. सभी अपना काम अच्छे से कर रहे हैं." उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी आज से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन होना है. 144 साल बाद महाकुंभ के लिए कुछ खास संयोग बन रहा है. इस बड़े धार्मिक आयोजन में करीब 40 से 45 लाख लोगों के आस्था की डुबकी लगाने का अनुमान लगाया जा रहा है.विशाल मेला मैदान में 28,000 से अधिक शौचालय बनाये गये हैं, जिनमें सेप्टिक टैंक के साथ 12,000 'फाइबर- रिइंफोर्सड' प्लास्टिक शौचालय और 16,100 पूर्वनिर्मित स्टील शौचालय शामिल हैं. इनकी साफ-सफाई के लिए 15 हजार सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे.पर्यटकों को पार्किंग की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्था की गई है. इस संबंध में 101 स्मार्ट पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जो प्रतिदिन पांच लाख वाहनों को समायोजित करने में सक्षम हैं. मेला क्षेत्र में पानी की सुविधा देने के लिये 1,250 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछायी गयी है. इसके अलावा 67 हजार एलईडी लाइट, दो हजार सोलर लाइट और तीन लाख पौधे लगाए जा रहे हैं.







#### प्रशासन ने की खास तैयारियां

'महाकुंभ 2025' कई मायनों में खास होने वाला है. महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए संगम स्नान को सुगम और आसान बनाने के लिए उत्तर प्रदेश रोडवेज 7,000 बसें चलाने की तैयारी कर रहा है जबकि मेला क्षेत्र के लिए 550 शटल बसें संचालित की जाएगी. आज से 13 जनवरी 2024- पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी 2025 - मकर संक्रांति, 29 जनवरी 2025 - मौनी अमावस्या, 3 फरवरी 2025 - वसंत पंचमी, 12 फरवरी - माघ पूर्णिमा, 26 फरवरी - महाशिवरात्रि पर्व में समपन्न होंगा.

## अवैध गिरफ्तारियों के बढ़ते मामलों से अदालतें खफा




**नई दिल्ली.** हाल ही में अवैध गिरफ्तारी के मामलों में इजाफा हुआ है। अदालतें लगातार इस पर नाराजगी भी जाहिर कर रही हैं। इन अवैध गिरफ्तारियों से जांच एजेंसियों की साख पर सवाल खड़े होने लगे हैं। कभी केस डायरी को ठीक न रखने तो कभी आरोपी को गिरफ्तारी का आधार न बताने पर कोर्ट ने जांच एजेंसियों को फटकारा। कभी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों का पालन न करने और गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर आरोपी को अदालत में पेश नहीं करने पर एजेंसियों को कोर्ट से झटका लगा। बीते छह महीनों में ही तमाम ऐसे मामले सामने आए जहां अदालतों ने ईडी, सीबीआई और स्थानीय पुलिस की रिमांड याचिकाओं को दिमाग का इस्तेमाल किए बिना की गई गिरफ्तारी का मामला बताकर खारिज किया। साथ ही आरोपियों को रिहा करने का आदेश दिया।

दिसंबर 2024 में सीबीआई ने रिश्वतखोरी के एक मामले में दो आईआरएस अधिकारियों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। लेकिन सीबीआई की विशेष अदालत ने उनकी गिरफ्तारी को अवैध मानते हुए आरोपियों की सीबीआई हिरासत से इनकार कर दिया और उन्हें तुरंत रिहा करने का आदेश दिया। इस मामले में पाया गया कि केस डायरी में कागजों की ढीली शीट थीं। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार यह कानून का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी का इस पर ध्यान देना जरूरी है कि केस के सभी कागजात ठीक से रखे जाएं।

**ईडी अधिकारी की नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड**

एक अन्य रिश्वत मामले में अदालत ने ईडी अधिकारी की ट्रांजिट रिमांड देने से सीबीआई को इनकार कर दिया था। कोर्ट ने पाया था कि सीबीआई रिश्वत मामले में गिरफ्तार किए गए ईडी अधिकारी विशाल दीप की केस डायरी पेश नहीं कर सकी। अदालत ने गिरफ्तारी को अवैध ठहराते हुए इसे गंभीर चूक माना। साथ ही ट्रांजिट रिमांड देने से इनकार कर दिया।

## 'धनखड़ साहब तो चापलूसी कर यहां तक पहुंचे हैं: बेनीवाल



**जयपुर.** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सियासी स्टैंड को लेकर राजनीतिक पार्टियां लगातार सवाल उठा रही है। इस बीच नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने उपराष्ट्रपति पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बीजेपी को आड़े हाथ लेते हुए उपराष्ट्रपति की भूमिका पर कई बड़े सवाल खड़े किए। बेनीवाल ने यहां तक कह दिया कि धनखड़ साहब चापलूसी करके यहां पहुंचे है। उन्होंने कहा कि जाट समाज कोई धनखड़ साहब जैसे नेताओं के साथ नहीं है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हम बीजेपी की हवा निकाल देंगे।

बता दें कि नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल कई बार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को घेर चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी में जाट समाज का कभी भला नहीं हुआ, हो सकता है कि हमारे समाज के किसी नेता का बीजेपी में स्वार्थ सिद्ध हुआ हो। बीजेपी में धनखड़ साहब बैठे हैं, ना उपराष्ट्रपति बनकर, लेकिन उन्होंने ठेका थोड़ी ले लिया है, जाट समाज का। वह तो ठीक है वह चापलूसी करके यहां तक पहुंच गए, लेकिन जाट कोई धनखड़ साहब के और दूसरे कोई तथाकथित जाट नेताओं के साथ नहीं है। इस बार जाट समाज आप पार्टी के साथ है। हमारा झगड़ा बीजेपी पार्टी से है, हम इस बार बीजेपी की हवा निकाल देंगे और जनता को संदेश देंगे कि जिधर हम जाते हैं, सरकार भी उधर जाती है।

नागौर सांसद और जाट नेता हनुमान बेनीवाल ने मीडिया में साफ कर दिया है कि इस बार आरएलपी और जाट समाज आप पार्टी के साथ है। उन्होंने कहा कि हम भूले नहीं कि बीजेपी ने जाटों पर हरियाणा में गोलियां चलाई, राजस्थान में जाट समाज को आरक्षण भी नहीं दिया। बता दें कि 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव है और 8 फरवरी को इसके नतीजे आएंगे। इस बीच शनिवार को दिल्ली में बेनीवाल ने ऐलान किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी का समर्थन करेगी। साथ ही उन्होंने दिल्ली में आरएलपी की विचारधारा से जुड़े मतदाताओं से इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को वोट करने की बात कही।

## जम्मू में आतंकियों के छिपे होने की आशंका

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में राजनीति में गर्माहट है। दूसरी ओर इस गर्माहट को लेकर नई-नई खबरें सामने आ रही है। इसी बीच सेना ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया तलाशी अभियान रविवार को ड्रोन और अन्य नवीनतम उपकरणों की मदद से तेज कर दिया। इसके साथ ही तलाशी अभियान जारी है और व्यापक क्षेत्र को शामिल करने के लिए अधिक जवानों को तैनात किया गया है। हालांकि अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके की तलाशी के लिए खोजी कुत्तों के अलावा ड्रोन और अन्य नवीनतम उपकरण भी तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि सेना के इस तलाशी अभियान में पुलिस के दल भी शामिल हुए हैं।

## 'जाति की राजनीति कर विद्वेष फैलाया जा रहा

### > बीजेपी महाधिवेशन में बोले नितिन गडकरी



**मुंबई.** केंद्रीय परिवहन और सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को शिरडी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश महाधिवेशन को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी-महायुति की अभूतपूर्व सफलता के बाद, लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी एक आत्मनिर्भर, मजबूत, समृद्ध भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है. बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में मिले जीत के बाद राज्य में सुराज्य लाना है. उन्होंने कहा कि सत्ता के ज़रिए समाज परिवर्तन करना है. चुनाव में जीत हार से कोई बड़ा छोटा नहीं होता हमारे कार्य से ही हमारी पहचान होती है. डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर चुनाव हारें जो चुनाव जीते उनको कोई नहीं जानता. लेकिन बाबा साहेब की पहचान दुनिया भर में है.राज्य बीजेपी प्रदेश महाधिवेशन में नितिन गडकरी के अलावा राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, नवनियुक्त प्रदेश बीजेपी कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के साथ पार्टी के नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे. गडकरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को दुनिया के तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाना है .

उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'महाराष्ट्र की जनता ने अभूतपूर्व सफलता दी है वह शिवशाही (शिवाजी महाराज की तरह जनता की भलाई की सरकार) के लिए दिया है . जनता की उम्मीदें पूरी करने की ज़िम्मेदारी अब हम पर हैं. हमें देश की सीमाएं सुरक्षित करनी है, सामाजिक सद्भाव लाना है.' इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पार्टी की सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमर्जेंसी की भी बात की. महाराष्ट्र में हर युवा को रोजगार मिले. सिर्फ स्मार्ट सिटी नहीं स्मार्ट विलेज होने चाहिए. लोग मजबूरी में शहर में आते है. महाराष्ट्र में कितने बड़े बड़े पर्यटन स्थल है .

#### 'आदमी उसकी जाति से नहीं अपने काम से बड़ा होता है'

बीजेपी नेता ने कहा कि वो बीते दिन नागपुर में कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का शो देखा. यह बड़ी अच्छी फिल्म है.इमरजेंसी के दौरान लोगों को क्या-क्या संघर्ष करना पड़ा था. गडकरी ने कहा कि राज्य में जाति की राजनीति कर विद्वेष फैलाने का काम हो रहा है लेकिन आदमी उसके जाती से नहीं अपने काम से बड़ा होता है. साथ ही कहा कि कांग्रेस की सत्ता जाने से सिर्फ़ संतुष्ट नहीं होना है. उन्होंने कहा कि, 'हमें जनता के जीवन में परिवर्तन लाना है. जनता सवाल पूछेगी की आप ने क्या किया जो उन्होंने किया वही आपने किया? हमें पिछली सरकारों से दस गुना अधिक अच्छा काम करना है.






CMYK

# महाकुंभ से बढ़ेगी देश की इकोनॉमी

## श्रद्धालु खर्च कर सकते हैं 4 लाख करोड़ से ज्यादा

**नई दिल्ली.**

महाकुंभ मेला, जिसे मानव जाति का सबसे बड़ा सांस्कृतिक समागम माना जाता है, न केवल आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि इसका आर्थिक प्रभाव भी असाधारण होता है. 2024 के महाकुंभ से 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार का अनुमान है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देगा. यह आयोजन न केवल जीडीपी में 1 फीसदी से अधिक की वृद्धि करेगा, बल्कि सरकारी राजस्व को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा. उत्तर प्रदेश सरकार के अनुमान के अनुसार, इस आयोजन में 40 करोड़ से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है. अगर प्रत्येक व्यक्ति औसतन 5,000-10,000



रुपये खर्च करता है. तो कुल खर्च 4.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है. इसमें आवास, परिवहन, खानपान, हस्तशिल्प, और पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों को फायदा होगा. यह खर्च जनवरी और फरवरी के महीनों के दौरान अनियोजित अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों का प्रतिनिधित्व करता है.सरकार का कुल राजस्व, जिसमें जीएसटी, आयकर

### जीडीपी और टैक्स में होगा इजाफा

महाकुंभ से जीडीपी के आंकड़ों में 1 फीसदी से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है. 2023-24 में भारत की जीडीपी 295.36 लाख करोड़ रुपये थी, जो 2024-25 में 324.11 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने की उम्मीद है. इस वृद्धि में महाकुंभ का महत्वपूर्ण योगदान होगा.


और अन्य अप्रत्यक्ष कर शामिल हैं, 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है. अकेले जीएसटी संग्रह 50,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू सकता है. उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ के लिए 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है. यह निवेश उच्च रिटर्न देने वाला साबित हो रहा है, जिससे सांस्कृतिक और आर्थिक दोनों लाभ हो रहे हैं. महाकुंभ जैसे आयोजन भारत की अर्थव्यवस्था के अद्वितीय ढांचे को उजागर करते हैं, जहां संस्कृति और वाणिज्य का मेल होता है. ऐतिहासिक रूप से, मेले और धार्मिक आयोजन व्यापार, पर्यटन और सामाजिक संबंधों को बढ़ाने में सहायक रहे हैं. महाकुंभ न केवल आर्थिक समृद्धि लाता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी माध्यम बनता है.

# अच्छी नींद लेने के लिए नई सुविधा 'गुड स्लीप' मोड की पेश

**गुरुग्राम.**

सैमसंग ने नींद के चरणों के अनुसार कमरे के तापमान को समायोजित करके रात भर अच्छी नींद लेने के लिए एक नई सुविधा 'गुड स्लीप' मोड पेश किया है। अब इस मोड को और बेहतर बनाया गया है, जिससे उपयोगकर्ता अपने एयर कंडीशनर को गैलेक्सी वॉच सीरीज से कनेक्ट कर सकते हैं, और जब वे सो जाते हैं, तो 'गुड स्लीप' मोड अपने आप सक्रिय हो जाता है। नींद पर सही परिवेशीय तापमान का प्रभाव बहुत ज़्यादा होता है। आधी रात में पसीने में भीगे हुए उठना या ठंड में कांपते हुए जागना, यह अनुभव अधिकांश लोगों के लिए परिचित है।

इसी कारण सैमसंग ने अपने एयर कंडीशनर्स में एक ऐसा मोड विकसित करने का फैसला किया, जिससे लोगों को रातभर अच्छी नींद लेने में मदद मिल सके। इस मोड की खास बात यह है कि नींद के लिए उपयुक्त तापमान व्यक्ति की पूरी नींद की अवधि के दौरान समान नहीं रहता। यही कारण है कि कई लोग सोने से पहले अपने एयर कंडीशनर को सही तापमान पर सेट करते हैं, फिर भी वे बीच में जाग जाते हैं। उपयुक्त तापमान व्यक्ति के नींद के चरणों के अनुसार बदलता रहता है. चाहे वह सो रहा हो, गहरी नींद में हो, या नींद से जागने की अवस्था में हो। सैमसंग की टीम ने 2015 में




क्यूंगही यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी कर प्रत्येक नींद के चरण के लिए उपयुक्त तापमान का पता लगाया और एयर कंडीशनर के लिए एक सटीक एल्गोरिदम विकसित किया। 'गुड स्लीप' मोड व्यक्ति के नींद चक्र के दौरान घर के अंदर के तापमान को समायोजित करता है। नींद में 5 चरण होते हैं – वेक रैपिड आई मूवमेंट, और 3 चरण (नॉन-रैपिड आई मूवमेंट) के 3 चरण। प्रत्येक चरण में मस्तिष्क की तरंगों, आंखों की गतिविधियों और शरीर के तापमान में बदलाव होता है।

ये पांच चरण मिलकर लगभग 90 मिनट का एक पूरा नींद चक्र बनाते हैं। रातभर, यह चक्र लगभग चार से छह बार दोहराया जाता है। 'गुड स्लीप' चक्र नींद के चरणों के अनुसार घर के अंदर के तापमान को समायोजित करता है। सबसे पहले, जब व्यक्ति सोता है, तो तापमान 5 मिनट के भीतर कम कर दिया जाता है ताकि तुरंत एक सुखद वातावरण तैयार हो सके। गहरी नींद के लिए अगले 90 मिनट के दौरान तापमान कम रखा जाता है। 90 मिनट के बाद, एयर कंडीशनर तापमान बढ़ाता है ताकि गहरे नींद चरणों एन2 और एन3 – के लिए तैयारी हो सके।

इन चरणों में शरीर का तापमान और रक्तचाप सबसे ज्यादा कम होता है, जिससे बाहरी तापमान को थोड़ा गर्म रखने की आवश्यकता होती है। ठंड महसूस होने के कारण जागने से रोकने के लिए लक्ष्य तापमान से दो डिग्री अधिक तापमान बढ़ाया जाता है। आठ घंटे के नींद चक्र के दौरान, हल्की नींद और गहरी नींद के चरणों के बीच अदला-बदली होती रहती है। 'गुड स्लीप' मोड रातभर में तीन बार तापमान को समायोजित करता है। नींद के अंत में, तापमान बढ़ा दिया जाता है, लेकिन ताजगी भरा वातावरण बनाने के लिए हल्की हवा चलती है।

# एयर इंडिया का सिर्फ 1498 में हवाई सफर



**नई दिल्ली.**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 'फ्लैश सेल' की घोषणा की है और इसमें 1498 रुपये से शुरू होने वाली टिकट कीमतों के साथ आप 1500 रुपये से भी कम में हवाई सफर कर सकते हैं. एयर पैसेंजर्स एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट मोबाइल ऐप या दूसरे प्रमुख बुकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी फ्लाइट्स बुक करके आकर्षक किराए का फायदा उठा सकते हैं. यह फ्लैश सेल 13 जनवरी 2025 तक की गई घरेलू उड़ान बुकिंग के लिए है, इसमें यात्रा की तारीखें 24 जनवरी से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए लागू रहने वाली हैं.

फ्लैश सेल के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस एक्सक्लूसिव एक्सप्रेस लाइट किराए का भी ऑफर लेकर आई है जो 1328 रुपये से शुरू हो रहे हैं. एक्सप्रेस लाइट किराए में एक्स्ट्रा बेनेफिट भी शामिल हैं. इसमें बिना किसी अतिरिक्त कॉस्ट के 3 किलोग्राम अतिरिक्त केबिन बैगेज की प्री-बुकिंग करने की सुविधा मिल रही है और डिस्काउंटेड चेक-इन बैगेज दरें भी शामिल हैं. इसके अलावा आपको घरेलू उड़ानों पर 15 किलोग्राम बैगेज के लिए 1000 रुपये में और इंटरनेशनल रूट्स पर 20 किलोग्राम बैगेज के लिए 1300 रुपये में सुविधा मिल सकती है.

हाल ही में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी 'न्यू ईयर सेल' भी लॉन्च की थी. इसमें यात्रियों को एक्सप्रेस वैल्यू किराए के लिए 1599 रुपये से शुरू होने वाली रियायती दरों पर उड़ानें बुक करने का मौका दिया गया. यह न्यू ईयर सेल 5 जनवरी 2025 तक बुकिंग के लिए खुली थी और इसमें यात्री 8 जनवरी से 20 सितंबर 2025 के बीच की घरेलू उड़ानों में सस्ते किराए में सफर कर सकते हैं.

# 3 आईपीओ और 8 लिस्टिंग

## अगले हफ्ते शेयर बाजार में धमाका करेंगी ये कंपनियां

**नई दिल्ली.**

नए साल में हफ्ते दर हफ्ते नए आईपीओ आते जा रहे हैं. पिछले हफ्ते शेयर बाजार में 7 आईपीओ आए थे. वहीं अगले हफ्ते 3 आईपीओ शेयर बाजार में आने को तैयार हैं. जिनमें 1 आईपीओ मेनबोर्ड का होगा. बल्कि दो 2 आईपीओ एसएमई सेग्मेंट के होंगे. इसके अलावा अगले हफ्ते 8 कंपनियां शेयर बाजार में डेब्यू करने भी जा रही हैं. इसका मतलब है कि दलाल स्ट्रीट पर अगले हफ्ते भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा. वैसे इस साल 28 कंपनियों को 46 हजार करोड़ रुपए जुटाने के लिए सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई



है. वहीं करीब 80 कंपनियां मंजूरी का इंतजार कर रही हैं, जो 1.32 लाख करोड़ रुपए जुटाने का टारगेट रखे हुए हैं. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर अगले हफ्ते कौन कौन सी कंपनियां अपना आईपीओ लेकर आ रही हैं. मुंबई बेस्ड डेंटल प्रोडक्ट्स फर्म लक्ष्मी डेंटल का आईपीओ सोमवार, 10 जनवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगी. कंपनी का फ्रेश और ओएफएस के जरिए 698 करोड़ रुपए जुटाएगी. कंपनी का स्टॉक 20 जनवरी को एनएसई और बीएसई दोनों प्लेटफार्मों पर लिस्ट होगा. लक्ष्मी डेंटल के आईपीओ में फ्रेश शेयरों का साइज 138 करोड़ रुपए का है. जबकि ओएफएस के जरिए कंपनी 1.3 करोड़ शेयरों का लॉट बेच रही है, जिसकी वैल्यू 560.06 करोड़ रुपए है. ओएफएस के हिस्से के रूप में, प्रमोटर समीर कमलेश मर्चेंट और राजेश व्रजलाल खाखर, निवेशक ऑर्बीमेड एशिया II मॉरीशस के साथ अपनी हिस्सेदारी.

# देश के कई राज्यों में फैला नकली नोट का कारोबार

**नई दिल्ली.**




देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करेंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है. जाली नोट के साथ सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि जालसाज टेक्नोलॉजी की मदद से हूबहू असली नोटों से मिलते जुलते नकली नोट बना रहे हैं. अगर आपने भी हाल फिलहाल में कहीं से ठीक-ठाक कैश उठाया है और आप चेक करना चाहते हैं कि इसमें से कोई नोट नकली नहीं है तो यहां हम आपको जाली करेंसी की पहचान करने का तरीका बताने जा रहे हैं. यहां बताई गई ट्रिक की मदद से आप झट से नकली नोट को हाथ में लेते ही पहचान लेंगे. बिहार पुलिस मुख्यालय ने हाल ही में एक अलर्ट जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि राज्य में नकली नोट सर्कुलेट हो रहे हैं. ऐसे में बिहार पुलिस ने इसको लेकर एडवाइजरी भी जारी की है, जिसमें बताया गया है कि बिहार में जो नकली नोट चल रहे हैं. आज के समय में नकली नोटों का चलन बढ़ गया है, जिससे बचने के लिए असली और नकली नोट की पहचान करना बेहद जरूरी है. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 500 रुपए के नोट की पहचान के लिए 17 प्रमुख चिन्ह बताए हैं. जिसमें से आसानी से पकड़े जाने वाले चिन्ह के बारे में यहां हम आपको बता रहे हैं.

# फिस्कल डेफिसिट 5.1 परसेंट पर स्थिर

**नई दिल्ली.** देश की आर्थिक विकास दर (जीडीपी) को लेकर कई रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं जिसमें सकल घरेलू उत्पाद के लिए अलग-अलग अनुमान दिए जा रहे हैं. बैंक ऑफ बड़ौदा की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र में 3.8 परसेंट की मजबूत वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1.4 परसेंट थी. अब तक रबी की बुवाई पिछले साल की तुलना में अधिक रही है और यह कृषि विकास के लिए अच्छा संकेत है. डिजिटल पेमेंट, बिजली की मांग, सर्विस सेक्टर की गतिविधियों, हवाई यात्रियों की संख्या, बढ़ते टोल और जीएसटी कलेक्शन जैसे सकारात्मक सूचकांकों के साथ चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में देश की विकास दर बढ़ने की उम्मीद है. जीएसटी कलेक्शन में इजाफे से भी खपत मांग में तेजी आने का संकेत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में जीएसटी कलेक्शन में भी 8.3 फीसदी का इजाफा हुआ जो उपभोग मांग में तेजी का संकेत है. रिपोर्ट के मुताबिक कृषि की बेहतर संभावनाओं से ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलेगा, जबकि शहरी मांग में भी सुधार के संकेत मिलते हैं. दिसंबर 2024 में मुद्रास्फीति में कमी आई और आने वाले महीनों में इसमें और कमी आने की उम्मीद है. हालांकि, रुपये की लगातार गिरावट एक प्रमुख जोखिम है. कुछ हाई फ्रिक्वेंसी इंडेक्स ने डिजिटल पेमेंट, बिजली की मांग, इलेक्ट्रॉनिक आयात और फर्टिलाइजर बिक्री में बढ़ोतरी के साथ मांग में तेजी का संकेत दिया है.

# बाजार में एंट्री करने को तैयार हैं ये नए स्टॉक

**नई दिल्ली.**

साल 2024 तो आईपीओ की लिहाज से यादगार रहा. नया साल भी कुछ कम नहीं है. आईपीओ की बौछार का सिलसिला थमा नहीं है. अगले हफ्ते पांच आईपीओ की पब्लिक ईश्यू में बोली लगने वाली है. आठ कंपनियों के स्टॉक की लिस्टिंग होने जा रही है. ये सब कुल मिलाकर पहले महीने से ही निवेशकों को सुनहरा मौका देने जा रहे हैं. अभी निवेशकों के लिए इन कंपनियों के डिटेल्स जानकर निवेश के लिए कमर कसने की तैयारी है. अगले हफ्ते आने जा रहे पांच नए आईपीओ में एक मेनबोर्ड और चार स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज के हैं. 5 नए आईपीओ की धमक के कारण शेयर बाजार के अगले हफ्ते भी फुल एक्शन में रहने की संभावना है. लक्ष्मी डेंटल 698 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रहा है. इसके लिए 13 जनवरी से 15 जनवरी के बीच बोली लगाई जाएगी. इनमें 138 करोड का फ्रेश ईश्यू और 560 करोड़ का ऑफर फॉर सेल रहेगा. प्राइस बैंड 407 रुपये से 428 रुपये प्रति शेयर के बीच रहेगा. काबरा ज्वेल्स के 40 करोड़ का आईपीओ 15 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी को बंद होगा. यह पूरी तरह से 31 लाख 25 हजार शेयरों का फ्रेश ईश्यू होगा. इसका प्राइस बैंड 121 रुपये से 128 रुपये प्रति शेयर के बीच रखा गया है. रिखव सिक्योरिटीज के 88.82 करोड़ का आईपीओ भी 15 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी को समाप्त होगा. इनमें 71.62 करोड़ फ्रेश ईश्यू के लिए है. 17 करोड़ 20 लाख ऑफर फॉर सेल के लिए है. आईपीओ का प्राइस बैंड 82 रुपये से 86 रुपये के बीच रखा गया है. लैंडमार्क इमिग्रेशन के 40 करोड़ के आईपीओ के लिए 16 जनवरी से 20 जनवरी तक बोली लगेगी. यह पूरी तरह से 56 लाख शेयरों का फ्रेश ईश्यू होगा. इसका प्राइस बैंड 70 रुपये से 72 रुपये प्रति शेयर के बीच रहेगा.

# बुजुर्गों को फिक्स्ड डिपॉजिट पर बेहतर रिटर्न



**नई दिल्ली.** 80 साल की उम्र पार कर जाने के बाद शरीर धीरे-धीरे साथ छोड़ने लगता है. उसमें भी अगर पैसे की दिक्कत हो जाए तो बुढ़ापा ज्यादा कष्ट देने लगता है. ऐसे बुजुर्गों के कमजोर पड़ते शरीर को पैसे का साथ देने के लिए बैंकों ने खास योजना बनाई है. इसके जरिए 80 की उम्र पार हो जाने के बाद भी चांदी काट सकते हैं और खूब मालामाल रहकर बुढ़ापे को मजेदार बना सकते हैं. बैंकों ने इसे सुपर सीनियर फिक्सड डिपॉजिट स्कीम का नाम दिया है. इसके तहत आम लोगों से यहां तक कि 80 साल से कम उम्र के बुजुर्गों को मिलने वाले इंट्रेस्ट रेट से भी अधिक दिया जाएगा. 80 साल और उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को हायर फिक्स्ड डिपॉजिट रिटर्न देने के लिए स्टेट बैंक, पीएनबी, इंडियन बैंक और आरबीएल बैंक ने सुपर सीनियर फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की है. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इस स्कीम को एसबीआई पैट्रन का नाम दिया है. इसके लिए दो साल से लेकर, तीन साल से कम, पांच साल और 10 साल के फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम तक पर 7.60 फीसदी की दर से इंट्रेस्ट मिलेगा. जो सीनियर सिटीजन या 60 साल से लेकर 80 साल की उम्र तक के लोगों को फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले इंट्रेस्ट रेट से भी अधिक है. पंजाब नेशनल बैंक 400 दिनों के फिक्स्ड डिपॉजिट पर सुपर सीनियर सिटीजन को 8.10 फीसदी की रेट से रिटर्न दे रहा है. इसी तरह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सीनियर सिटीजन को दिए जाने वाले फिक्स्ड डिपॉजिट रिटर्न से 0.25 फीसदी अधिक देता है. बैंकों ने सुपर सीनियर सिटीजन को इन फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम का लाभ देने के लिए प्रोसेस भी आसान किया है.

# कॉरपोरेट टैक्स में मिल सकती हैं राहत

## बजट 2025 में बायोगैस पर हो सकते है ऐलान

**नई दिल्ली.**

भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने फाइनेंस मिनिस्ट्री से आगामी आम बजट में कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्रोडक्शन के लिए पूरी तरह कॉरपोरेट टैक्स की छूट देने की मांग की है. आईबीए का कहना है कि इससे क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत को बढ़ावा देने का लक्ष्य हासिल हो सकेगा. इस महीने की शुरुआत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे एक पत्र में आईबीए ने कहा कि यह उन कारोबार क्षेत्रों के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करेगा.

जो स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में योगदान करते हुए सीबीजी उत्पादन में निवेश करने और इसे बढ़ाने के इच्छुक हैं. इंडस्ट्री बॉडी ने कहा कि यह प्रस्ताव है कि सरकार सीबीजी प्रोडक्शन के लिए व्यापक रूप से कॉरपोरेट टैक्स अवकाश यानी छूट दे. विशेष रूप से सीबीजी प्रोड्यूसर्स को ऑपरेशन के शुरुआती वर्षों में 100 फीसदी टैक्स की राहत दी जानी चाहिए. वित्त मंत्री सीतारमण संसद में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश करेंगी.



### टैक्स छूट से मिलेंगे कई फायदे

❑ पत्र में कहा गया है कि इस कदम से भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को हासिल कर सकेगा, निजी निवेश प्राप्त कर सकेगा और इससे रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा. उद्योग निकाय ने कहा कि इस मामले में कर छूट से सीबीजी उत्पादकों को अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेचने में भी मदद मिलेगी, जिससे भारत के ऊर्जा मिश्रण में सीबीजी की स्वीकार्यता बढ़ेगी. आईबीए ने कहा कि इसके अलावा इससे बायोगैस के उत्पादन में धान के भूसे और फसल कचरे जैसे कृषि अवशेषों का इस्तेमाल बढ़ेगा. इससे कृषि अवशेषों को जलाने की जरूरत नहीं होगा, जिससे अंततः प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी.

आईबीए ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश में लगभग 100 सीबीजी प्लांट चालू थे. कुल सीबीजी की सेल्स लगभग 1,200 करोड़ रुपये रही है. इसका मतलब यह है कि पूरी तरह से कर माफ करने के बाद सरकार को रेवेन्यू का करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान होगा. आईबीए ने यह यह एक शॉर्ट टर्म नुकसान है, लेकिन यह लॉन्गटर्म में नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग को आगे बढ़ने में मदद करेगा.

# अब सस्ती होगी सीएनजी

**नई दिल्ली.** सरकार ने शहरी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों जैसे इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड यानी आईजीएल, अडानी-टोटल और महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) को सस्ती गैस की सप्लाई बढ़ा दी है. इन कंपनियों ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है. बीते साल यानी 2024 में सरकार ने इन कंपनियों को गैस आवंटन घटा दिया था. सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों ने कहा कि एपीएम गैस की बढ़ी हुई मात्रा की सप्लाई 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी. इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, "गेल (इंडिया) लिमिटेड (घरेलू गैस आवंटन के लिए नोडल एजेंसी) से मिले पत्र के मुताबिक आईजीएल को घरेलू गैस आवंटन 16 जनवरी, 2025 से 31 परसेंट तक बढ़ाया गया है. इससे सीएनजी सेगमेंट में घरेलू गैस की हिस्सेदारी 37 परसेंट से बढ़कर 51 परसेंट हो जाएगी." कंपनी ने एक बड़े सप्लायर के साथ प्रतिस्पर्धी कीमत पर लगभग 10 लाख मानक घनमीटर रोजाना की आयातित एलएनजी के साथ भी करार किया है.

निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र गजलक्ष्मी | रवि विकली लॉटरी | सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 02 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 12/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 7554 | 7347 | 4413 | 7163 | 1722 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/-: 4305, 6774 (जे. पी. एस. लॉटरी सेंटर - डहाणू)

तिसरे बक्षिस रु. 2000/-: 0862, 1468, 1959, 5893, 9987 (पवार लॉटरी - ठाणे)

चौथे बक्षिस रु. 1000/-: 3299, 4949, 4963, 5245, 5860, 6054, 8501, 9161, 9538, 9752

पाचवे बक्षिस रु. 500/-: 0306, 0416, 0580, 2695, 3414, 3686, 3844, 4772, 6566, 9797

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0990 | 2096 | 3072 | 4055 | 4974 | 5662 | 6615 | 7270 | 8103 | 9047 |
| | 1068 | 2098 | 3131 | 4081 | 5006 | 5700 | 6622 | 7279 | 8219 | 9164 |
| 0043 | 1114 | 2100 | 3391 | 4121 | 5048 | 5705 | 6636 | 7300 | 8243 | 9229 |
| 0060 | 1121 | 2102 | 3396 | 4124 | 5143 | 5722 | 6644 | 7377 | 8336 | 9254 |
| 0104 | 1128 | 2148 | 3411 | 4223 | 5160 | 5758 | 6662 | 7401 | 8350 | 9331 |
| 0162 | 1151 | 2195 | 3434 | 4404 | 5238 | 5763 | 6663 | 7415 | 8368 | 9359 |
| 0251 | 1166 | 2285 | 3519 | 4406 | 5297 | 5772 | 6664 | 7491 | 8398 | 9487 |
| 0396 | 1182 | 2324 | 3530 | 4445 | 5345 | 5796 | 6669 | 7644 | 8427 | 9578 |
| 0563 | 1249 | 2328 | 3603 | 4451 | 5353 | 5946 | 6683 | 7721 | 8537 | 9586 |
| 0611 | 1310 | 2330 | 3633 | 4461 | 5459 | 5951 | 6706 | 7748 | 8586 | 9589 |
| 0700 | 1353 | 2424 | 3663 | 4469 | 5479 | 6045 | 6780 | 7750 | 8613 | 9754 |
| 0710 | 1448 | 2602 | 3695 | 4471 | 5519 | 6169 | 6830 | 7781 | 8684 | 9775 |
| 0816 | 1518 | 2621 | 3871 | 4472 | 5546 | 6239 | 6877 | 7788 | 8712 | 9822 |
| 0837 | 1622 | 2629 | 3965 | 4498 | 5548 | 6323 | 6975 | 7972 | 8803 | 9893 |
| 0871 | 1651 | 2693 | 3978 | 4525 | 5559 | 6329 | 7046 | 7990 | 8876 | 9953 |
| 0901 | 1716 | 2857 | 4021 | 4643 | 5564 | 6536 | 7071 | 8008 | 8880 | 9977 |
| 0906 | 1795 | 2912 | 4033 | 4697 | 5654 | 6538 | 7150 | 8040 | 8890 | 9979 |
| 0926 | 1980 | 2920 | 4034 | 4712 | 5657 | 6546 | 7185 | 8078 | 8898 | 9993 |
| 0964 | 1986 | 3013 | 4042 | 4841 | 5659 | 6611 | 7264 | 8086 | 8937 | 9994 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत | सोडत दिनांक 25/01/2025 | जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. | दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) | तिकीट किंमत ₹20/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 12/01/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र मोहिनी | विकली लॉटरी | सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 02 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 12/01/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/-: MO-06 : 3631

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/-: 1075 (सुमित एजन्सी - मुंबई)

तिसरे बक्षिस रु. 2000/-: 1292 (डायमंड कॉर्पोरेशन, बोरिवली), 1577 (रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद), 2472 (चिराग एन्टरप्रायझेस, नाशिक)

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1068 | 2260 | 3536 | 4630 | 5049 |
| 1102 | 2411 | 3538 | 4638 | 5388 |
| 1512 | 2522 | 4007 | 4684 | 5537 |
| 1742 | 2540 | 4232 | 4869 | 5621 |
| 1912 | 2927 | 4264 | 4902 | 5665 |
| 1996 | 2935 | 4431 | 4917 | 5955 |
| 1999 | 3050 | 4434 | 4963 | 5987 |
| 2097 | 3395 | 4449 | 5009 | 5991 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY | महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत | सोडत दिनांक 25/01/2025 | जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. | दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) | तिकीट किंमत ₹20/-

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबावदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र मोहिनी विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 12/01/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# अमेरिका: 40 हजार एकड़ में तबाही

## अमेरिका का पॉश इलाका लॉस एंजिल्स पिछले 6 दिनों से आग में जल रहा है

**कैलिफोर्निया.**

अमेरिका का पॉश इलाका लॉस एंजिल्स पिछले 6 दिनों से धधक रहा है. जंगलों से फैली आग रिहायशी इलाकों में तांडव कर रही है. ये आग कितनी खतरनाक है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने इलाके की करीब 40 हजार एकड़ जमीन को अपनी जद में लिया है. 12 हजार से ज्यादा इमारतें जलकर खाक हो गई हैं. इसमें कई मशहूर हस्तियों के घर भी शामिल हैं. लॉस एंजिल्स इलाका सिनेमा के सितारों की रिहाइश के लिए फेमस है. यहां घरों की कीमतें आसमान छूती हैं. दक्षिणी कैलिफोर्निया में स्थित लॉस एंजिल्स शहर देश की फिल्म और टेलीविजन उद्योग का केंद्र है. इस इलाके में फैली आग से अबतक 16 लोगों की मौत हुई है, लेकिन अमेरिका के तमाम अखबारों और वेबसाइटों को खंगालने पर पता चलता है कि ये आंकड़ा शुरुआती ही है. कई लोग लापता हैं. करीब 2 लाख लोगों को इस भयानक आग के चलते विस्थापित होना पड़ा है. वहीं, डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को किसी भी वक्त घर छोड़ने के लिए अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है. लॉस एंजिल्स में लगी आग अमेरिका के इतिहास की सबसे खतरनाक और महंगी आग हो सकती है. रिपोर्ट के अनुसार, इस आग के चलते 135 बिलियन डॉलर से 150 बिलियन डॉलर (11 से करीब 13 लाख करोड़) तक का नुकसान हो सकता है. वहीं, खाक हुई संपत्तियों में 8 बिलियन डॉलर की संपत्ति ऐसी है जो बीमा के दायरे में आ सकती है. अगर इस नुकसान को भारत के संदर्भ में समझें तो यह यूपी-बिहार, मध्य प्रदेश और दिल्ली के बजट के बराबर है.

दरअसल, यूपी का बजट 7 लाख करोड़ रुपये का है, वहीं बिहार का कुल बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये का है, वहीं मध्य प्रदेश का बजट भी 3 लाख करोड़ से ज्यादा का था. राजधानी दिल्ली का साल 2024 का बजट करीब 76 हजार करोड़ रुपये का था. इन राज्यों के बजट को मिला लिया जाए तो इतने नुकसान की उम्मीद लॉस एंजिल्स की आग में अमेरिका को होने की उम्मीद है. लॉस एंजिल्स के करीब 6 इलाकों में ये आग सबसे बुरे तरीके से फैली है. इसका सबसे ज्यादा प्रभाव पैलिसेड्स में देखने को मिल रहा है.



### पैलिसेड्स में सबसे ज्यादा तबाही

लॉस एंजिल्स का पैलिसेड्स इलाका इस आग से सबसे ज्यादा प्रभावित बताया जा रहा है. इस इलाके ने ऐसी तबाही कभी नहीं देखी थी. यहां मंगलवार को आग ने अपने पांव पसारने शुरू किए थे. इस इलाके की करीब 21 हजार एकड़ जमीन पर आग का कहर देखने को मिला है. इसमें पॉश माना जाने वाला पेसिफिक पैलिसेड्स का इलाका भी शामिल था. मौजूदा हालात की बात करें तो प्रभावित इलाके की करीब 15 फीसदी आग को ही अबतक बुझाया जा सका है.

# स्मृति ईरानी: बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ खड़ी है 'आप'

**नई दिल्ली.**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है. ईरानी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को बताना चाहिए की ये घुसपैठिए कौन है जो देश की चुनावी प्रक्रिया को चैलेंज कर रहे है. कहां से और कैसे कुछ लोगों का फर्जी वोटर और आधार अपडेट मिले हैं. दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के बीज रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमला बोला. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली और दिल्ली वालों के अधिकारों पर आम आदमी पार्टी के सौजन्य से घुसपैठियों और बांग्लादेशियों का कब्जा हो रहा है. फर्जी आधार कार्ड और फर्जी राशन कार्ड बनाए गए हैं.

इसकी तस्दीक संगम विहार में पुलिस की ओर से पिछले दिनों की हुई कार्रवाई से भी कर सकते हैं. मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आम आदमी पार्टी का नेतृत्व दिल्ली और दिल्ली वालों के अधिकारों के साथ नहीं बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ खडा है. पुलिस कार्रवाई और फोरेंसिक जांच से पता चला कि आम आदमी के पार्टी के विधायक के मुहर और हस्ताक्षर से 26 आधार अपडेट मिले, जिसमें जयभगवान (बवाना विधायक) और रिठाला विधायक मोहिंदर गोयल के हस्ताक्षर और मोहर वाले पत्र मिले हैं.

विधायकों से पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस ने दो-दो नोटिस दिए पर ये विधायक अभी तक पुलिस के सामने पेश नहीं हुए ताकि सच्चाई सामने आ सके. बीजेपी नेता ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है. ये घुसपैठिए कौन है जो देश की चुनावी प्रक्रिया को चैलेंज कर रहे है.

क्यों आम आदमी पार्टी का विधायक जांच एजेंसी का सहयोग नहीं कर रहा ताकि सच सामने आए. आखिर क्यों आम आदमी पार्टी देश की आम जनता के साथ नहीं बल्कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ खड़ी है? उन्होंने कहा कि मैंने जो तथ्य रखे हैं वह मैं नहीं बल्कि संगम बिहार पुलिस स्टेशन की है. क्या आपकी केजरीवाल साहब से यह उम्मीद नहीं है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में जांच हो और दूध का दूध पानी का पानी हो. दिल्ली पुलिस का काम है कि अवैध घुसपैठियों की जांच करे.

# पाक पहुंची मलाला, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को करेंगी संबोधित



**कराची.** पाकिस्तान में लड़कियों की तालीम पर एक अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस आयोजन में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से इनविटेशन के बाद भी कोई शामिल नहीं हुआ है. नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई इस आयोजन में शामिल हुईं. उन्होंने कहा कि वे अपने मूल पाकिस्तान में वापस आकर खुश हैं. अक्टूबर 2012 में इलाज के लिए ब्रिटेन जाने के बाद से मलाला की यह पाकिस्तान की तीसरी यात्रा है. पाकिस्तान में आयोजित इस शिखर सम्मेलन ने मुस्लिम-बहुल देशों के शिक्षा मंत्रियों और उनके नेताओं को एक साथ लाने की कोशिश की है. लेकिन अफगानिस्तान इस आयोजन में शामिल नहीं हुआ. वह अकेला ऐसा देश है. जहां लड़कियों के स्कूल जाने पर प्रतिबंध है. यूसुफजई को साल 2012 में एक पाकिस्तान तालिबान आतंकवादियों ने गोली मार दी थी. गोली लगने के बाद भी मलाला ने हार नहीं मानी. मलाला ने गोली खाकर भी दुनिया में वो नाम कमाया, जो कि आज हर लड़की के लिए प्रेरणा बन गया है. मलाला ने लड़कियों को पढ़ाने के लिए संघर्ष किया और आज वो ग्लोबल आइकन बन चुकी हैं.

# महिला क्रिकेट: भारत ने आयरलैंड को 116 रन से हराया

> जेमिमा रोड्रिग्ज ने शतक जमाया

**नई दिल्ली.**

भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है। टीम ने रविवार को दूसरे वनडे मुकाबले में 116 रन की जीत हासिल की। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 370 रन स्कोर खड़ा किया। जवाब में आयरलैंड की टीम 50 ओवर में 7 विकेट पर 254 रन ही बना सकी। भारतीय टीम की ओर से जेमिमा रोड्रिग्ज ने शतकीय पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लगातार दूसरा मैच जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर्स ने एक-दूसरे को बधाई दी। आयरलैंड की खराब शुरुआत, 371 रन का टारगेट चेज कर रही आयरिश टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 32 रन के टीम स्कोर पर ओपनर गैबी लुईस का विकेट गंवाया। वे 19 बॉल पर महज 12 रन बना सकीं। टीम ने पहले पावरप्ले के 10 ओवर में एक विकेट पर 40 रन बना लिए थे। पहला विकेट जल्दी गंवाने के बाद ओपनर सारा फोर्ब्स ने क्रिस्टीना कूल्टर रीली के साथ मिलकर आयरिश पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 80 बॉल पर 55 रन की साझेदारी की। यहां दीप्ति शर्मा ने सारा को बोल्ड कर दिया।



सारा के आउट होने के बाद रीली ने पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने लौरा डेलानी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। रैली ने 113 बॉल पर 80 रन बनाए, जबकि डेलानी ने 37 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम की ओर से दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके। प्रिया मिश्रा को 2 विकेट मिले। ओपनर स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 156 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को ओर्ला प्रेंडरगैस्ट ने तोड़ा। यहां स्मृत मंधाना 54 बॉल पर 73 रन बनाकर आउट हुईं। फिर 20वें ओवर की पहली बॉल पर डेम्पसे ने रावल को एलबीडबल्यू कर दिया। रावल ने 61 बॉल पर 67 रन बनाए। यहां टीम का स्कोर 156 रन था। ओपनर्स के विकेट गंवाने के बाद हरलीन देयोल ने जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। दोनों ने 168 बॉल पर 183 रन जोड़े। इस साझेदारी ने टीम का स्कोर 300 पार पहुंचा दिया। आयरलैंड की ओर से ओर्ला प्रेंडरगैस्ट और अर्लीन केली ने 2-2 विकेट झटके।



## सुविचार

जो जितना शांत होता है वो उतनी ही गहराई से अपनी बुद्धि का उपयोग करता है

## संपादकीय

# बेटियों के हक पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला


❒ हालांकि एक सभ्य समाज में बेटे और बेटी के अधिकारों में अंतर का सवाल नहीं उठना चाहिए, लेकिन कई वजहों से जड़ जमा चुके पूर्वाग्रहों की वजह से आमतौर पर बेटियों को कई स्तर पर समझौता करना पड़ता है। ऐसी स्थिति की मुख्य वजह पारंपरिक धारणाओं के प्रति ज्यादातर लोगों की सहजता होती है, जिसमें बेटियां अपने हक के प्रति उदासीन रहती हैं या फिर वंचित रह जाती हैं। फिर किन्हीं कारणों से माता-पिता के अलग हो जाने की स्थिति में भी बेटी की पढ़ाई -लिखाई सिर्फ खर्च पूरा नहीं हो पाने की वजह से बाधित हो सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक मामले की सुनवाई के बाद इसी मसले पर एक तरह से स्थिति स्पष्ट की है। अदालत ने छब्बीस वर्ष से अलग रह रहे दंपति के मामले में कहा कि बेटियों को अपने अभिभावकों से शिक्षा संबंधी खर्च मांगने का पूरा अधिकार है और जरूरत पड़ने पर माता-पिता को कानूनी तौर पर बाध्य किया जा सकता है कि वे बेटी की पढ़ाई-लिखाई के लिए जरूरी धन दें। बेटी को ये पैसे रखने का अधिकार है और यह रकम उसे अपनी मां या पिता को लौटाने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसे मामले अक्सर देखे जाते रहे हैं जिनमें परिवारों में अगर संपत्ति के बंटवारे की स्थिति आती है तो जितने हिस्से पर बेटों का सहज हक माना जाता है, उतने के लिए बेटियों को अलग से प्रयास करना पड़ता है। विडंबना यह है कि अगर किसी परिवार में माता-पिता को शिक्षा पर खर्च के मामले में बेटी या बेटे में से किसी एक को ही चुनने का विकल्प हो तो वे आमतौर पर बेटे को प्राथमिकता देते हैं।अगर कभी बेटी को उनका हिस्सा दिया जाता है तो उसे समाज में विशेष रूप से दी गई सुविधा की दृष्टि से देखा जाता है। जबकि सामाजिक बराबरी के सिद्धांत से लेकर कानूनी स्थिति तक के लिहाज से बेटियों को उनके माता-पिता की संपत्ति में बराबर का हिस्सा होना चाहिए और इसे लेकर लोगों को सहज रहना चाहिए। खासतौर पर पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अन्य जरूरी खर्च के मामले में माता-पिता की आर्थिक सीमा में बेटियों को उनसे अपना खर्च लेने का अधिकार होना चाहिए। इस लिहाज से देखें तो बेटियों के हक के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला स्वागतयोग्य है।

# कासगंज मुक़द्दमा: हमें यक़ीं था हमारा क़ुसूर निकलेगा



डॉ.सलीम ख़ान, मुंबई





उत्तरप्रदेश के ज़िला कासगंज में 2018 के अंदर एक साम्प्रदायिक दंगा हो गया। इस दंगे में डबल इंजन सरकार के बावजूद चंदन गुप्ता नामक एक नौजवान की गोली लगने से मौत हो गई। इस दुखद घटना की फ़ैक्ट फ़ाइंडिंग के लिए सेंटर फ़ॉर सोसाइटी ऐंड सेक्युलरिज़्म की एक टीम ऐडवोकेट इरफ़ान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े के नेतृत्व में कासगंज गई और रिपोर्ट तैयार की, मगर 7 साल बाद जब इसपर अदालत का फ़ैसला आया तो वह दस्तावेज़ फिर से ज़िंदा हो गई। इन लोगों ने वहाँ जाकर आम नागरिकों, प्रशासन यानी पुलिस अधिकारियों, दंगा-पीड़ितों, चंदन गुप्ता के पिता सुशील गुप्ता वग़ैरा से मुलाक़ात करके यह जानने की कोशिश की कि इस हिंसा के लिए कौन-से कारक ज़िम्मेदार हैं? सीएसएस की रिपोर्ट के मुताबिक़ इस दंगे के पीछे इसी साल होनेवाली मुसलमानों का एक सकारात्मक क़दम कार्यरत नज़र आता है जिसने हिंदुत्ववादी संगठनों को बेचैन कर दिया था।

उस साल उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने मुसलमानों से गणतंत्र दिवस के मौक़े पर अपने देश प्रेम के प्रदर्शन की ख़ातिर प्रोग्रामों का आयोजन करके वीडियो बनाने का आदेशपत्र जारी किया था। इससे पहले स्कूलों और कॉलेजों के परिसरों में ऐसे प्रोग्राम होते थे, मगर इस बार बद्दू नगर इलाक़े के मुसलमानों ने सुबह दस बजे अब्दुल हमीद चौराहे पर गणतंत्र दिवस मनाने का फ़ैसला किया। इस आलीशान प्रोग्राम में स्कूल के छात्रों और शहर के प्रसिद्ध व्यक्तियों को भाग लेने की दावत दी गई। पहली बार मुसलमानों के द्वारा जोश-ख़रोश एवं उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाने के फ़ैसले ने राष्ट्रभक्ति की मोनोपॉली चलानेवाले स्वयंभू ठेकेदारों को बेचैन कर दिया। सरकारी अनुमति के साथ आयोजित होनेवाले इस प्रोग्राम में विघ्न डालने की ख़ातिर उसी दिन संकल्प ग्रुप के 60 से 70 नौजवान मोटर साइकिलों पर सवार होकर प्रशासन के सत्यापन के बिना बद्दू नगर के वीर अब्दुल हमीद चौक पहुँच गए। वहाँ पहुँचकर इन दंगाइयों ने 'भारत में रहना होगा तो वंदे मातरम कहना होगा' और 'राधे-राधे' जैसे भड़काऊ नारे लगाने शुरू कर दिए, जिनका गणतंत्र दिवस की आत्मा से कोई सरोकार नहीं था। इसकी प्रतिक्रिया में मुसलमानों ने 'गोडसे मुर्दाबाद' के नारे लगाए तो उन लोगों को मिर्ची लग गई। इरफ़ान इंजीनियर को दौरे पर ऐसी वीडियो दिखाई गईं जिनमें इस ग़ैर-क़ानूनी रैली के भड़के हुए नौजवान प्रोग्राम की कुर्सियाँ हटाकर उन्हें रास्ता देने का की माँग करते नज़र आते हैं। इसपर मुसलमान प्रबन्धकों ने इन नौजवानों को प्रोग्राम में शामिल होने की दावत दी और कहा कि बाद में जब कुर्सियाँ हटा ली जाएँगी तो वे रैली लेकर जाएँ, लेकिन बात नहीं बनी। रैली में हिस्सा लेनेवलों को अगर गणतंत्र दिवस मनाने में दिलचस्पी होती तो इस प्रोग्राम में शरीक हो जाते या इसमें रोड़ा अटकाए बिना किसी और रास्ते से अपना क़ाफ़िला ले जाते, लेकिन वे तो दंगा करने के लिए आए थे, इसलिए उन्होंने लाठियों से वहाँ मौजूद शान्तिपूर्ण लोगों पर हमला कर दिया और वहीं से कासगंज में साम्प्रदायिक हिंसा का आरम्भ हुआ। बद्दू नगर के लोगों ने इसके जवाब में मोटर साइकिल रैली में शामिल दंगाइयों पर कुर्सियाँ फेंकीं। वे लोग इस जवाब के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए अपनी मोटर साइकिलें छोड़कर वहाँ से भाग खड़े हुए। मुसलमानों ने उनके नंबर से पुलिस को आगाह किया और कहा वे उन्हें वहाँ से ले जाए। इस मौक़े पर अगर पुलिस उन दंगाइयों को गिरफ़्तार कर लेती या कम-से-कम चेतावनी दे देती तो न चंदन गुप्ता मारा जाता और न दंगा भड़कता। उसके बाद ये अफ़वाहें गर्दिश करने लगीं कि बद्दू नगर में रैली में हिस्सा लेनेवालों को 'पाकिस्तान ज़िंदाबाद' के नारे लगाने पर मजबूर किया गया और वहाँ पाकिस्तानी पर्चम लहराया गया। गणतंत्र दिवस का जश्न मनानेवाले मुसलमानों पर ये आरोप हास्यस्पद थे। सीएसएस की फ़ैक्ट फ़ाइंडिंग टीम को इस मिथ्यारोपण का कोई सुबूत नहीं मिला। वहाँ मौजूद किसी मुस्लिम ने तो दूर हिंदू ने भी इस दावे की पुष्टि नहीं की। चंदन गुप्ता के पिता सुशील गुप्ता ने जो वीडियो दिखाई उसमें भी इन नारों की कोई सुगबुगाहट नहीं थी। चशमदीद गवाहों ने पूरी तरह इस आरोप को रद्द कर दिया कि बद्दू नगर में साम्प्रदायिक दंगे की योजना बनाई गई थी। इस तरह बज़ाहिर दंगे का ख़तरा टल गया, मगर वे लोग माननेवाले नहीं थे। वे सारे तहसील रोड पर जमा हो गए। वहाँ उनकी संख्या में भी काफ़ी वृद्धि हो गई थी और इस बार वे लाठियों के साथ पिस्तौल से लैस होकर अपनी मोटर साइकिलें और इंतिक़ाम लेने की ग़रज़ से वापस आए, तथा दुकानों की तोड़-फोड़ शुरू कर दी और मुसलमानों पर हमले करने लगे। इस दौरान गोलियाँ चलने लगीं। उनमें से एक ने चंदन गुप्ता को मार दिया और दूसरी से नौशाद नामक नौजवान ज़ख़्मी हो गया। भारत में पहले इंसाफ़ की देवी की आँखों पर पट्टी बँधी होती थी और हाथ में तलवार भी पाई जाती थी। पिछले दिनों वह पट्टी हटा दी गई, मगर इसके बावजूद एनआईए की अदालत ने इन वीडियोज़ को देखकर यह जानने की कोशिश नहीं की कि दंगा कैसे शुरू हुआ? उसने अपनी खुली आँखों से सिर्फ़ दोनों पक्षों के नाम और लिबास से उन्हें शनाख़्त किया और तलवार के बजाय किताब से फ़ैसला किया। इस फ़ैसले को देखने के बाद यह ज़रूरी हो जाता है कि इस मामले की सच्चाई का पता लगाया जाए कि वह किताब देश का संविधान है या मनुस्मृति, क्योंकि मनुस्मृति में ही इस तरह के भेदभाव की प्रेरणा दी गई है कि जिसमें घनटास्थल पर मौजूद न होने के बावजूद चंदन गुप्ता के पिता सुशील गुप्ता 20 लोगों के ख़िलाफ़ मात्र लोगों से सुनकर 13 घंटे बाद नामज़द शिकायत दर्ज करवा देते हैं। एनआईए जाँच शुरू करती है तो क़ातिलों की तादाद बढ़कर 31 हो जाती है। उनमें से एक अभियुक्त का सुनवाई के दौरान इंतिक़ाल हो जाता है। 2 लोगों को शक की बुनियाद पर बरी कर दिया जाता है और 28 को उम्र क़ैद की सज़ा सुना दी जाती है।

इसके विपरीत जब मुसलमान अपनी दुकानों को लूटने और जलानेवालों की नाम-बनाम शिकायत दर्ज कराने जाते हैं तो हमला-आवरों की पहचान नहीं लिखी जाती। इस तरह प्रशासन का पक्षपाती रवैया खुलकर सामने आ जाता है। अपने सियासी आक़ाओं के इशारे पर प्रशासन ने इस मुक़द्दमे पर अकारण देशद्रोह की धारा 124 ए भी लगा दी। इस तरह चोर दरवाज़े से उसे आम अदालत के बजाय लखनऊ में एनआईए की विशेष अदालत के अंदर स्थानांतरित कर दिया गया। उसके बाद फ़ैसला तो तय हो गया फिर भी 6 साल 11 महीने और 7 दिन बाद नाटक का पर्दा गिरा। 2022 से बाक़ायदा शुरू होनेवाले इस मुक़द्दमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के 18 लोगों में मृतक के पिता सुशील गुप्ता, चशमदीद गवाह भाई विवेक गुप्ता, सौरभ पाल आदि शामिल थे। बचाव पक्ष को भी 23 गवाहों को पेश करने का मौक़ा दिया गया, लेकिन ऐसी गवाही का क्या फ़ायदा जिसपर एतिबार ही न किया जाए? इसके बाद अदालत के जज विवेकानन्द सरन त्रिपाठी ने 28 अभियुक्तों को क़त्ल का दोषी क़रार देते हुए उम्र क़ैद की सज़ा सुना दी।

सवाल यह है कि यही करना था तो इतना वक़्त बरबाद करने की क्या ज़रूरत थी? जज साहब को डर है कि बिल्क़ीस बानो के अपराधियों की तरह 14 साल बाद कहीं इन्हें भी माफ़ी न मिल जाए तो उम्र क़ैद के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के अपराध में 3-3 साल क़ैद का भी फ़ैसला सुना दिया है। मुख्य अभियुक्त सलीम और 6 अन्य को आर्म्स ऐक्ट के तहत भी सज़ा सुनाई गई, जबकि चंदन और उसके साथी पिस्तौल लेकर इंतिक़ाम लेने के लिए आए थे। बाक़ी तमाम ही अभियुक्तों पर दंगा भड़काने, भीड़ इकट्ठा करने, ईंट पत्थर से चोट पहुँचाने, जानलेवा हमले, गाली-गलौज, जान-माल के नुक़सान, राष्ट्र ध्वज के अपमान के आरोपों के तहत फ़ैसला किया गया और भातरीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 341 आदि के तहत सलीम, वसीम, ज़ाहिद उर्फ़ जग्गा, आसिफ़ क़ुरैशी उर्फ़ हिटलर, असलम क़ुरैशी, अकरम, शबाब, तौफ़ीक़, मुहसिन, राहत, सलमान, आसिफ़ जिमवाला, बबलू, नेशू, खल्लन, वासिफ़, इमरान वलद क़य्यूम, शमशाद, ज़फ़र, शाकिर, साक़िब, ख़ालिद परवेज़, साक़िब, फ़ैज़ान, शाकिर, मुनाज़िर रफ़ी को उम्र क़ैद की सज़ा सुनाई गई। सीएसएस की जाँच रिपोर्ट में यह रहस्योद्घाटन भी हुआ कि गिरफ़्तार होनेवाले सौ से ज़्यादा मुसलमानों को यों ही चलते-फिरते गिरफ़्तार कर लिया गया और वे बेक़ुसूर हैं। उनमें से कई आम ज़रूरत की चीज़ें ख़रीदने के लिए घर से बाहर निकले थे। गिरफ़्तार होनेवालों में एक 70 प्रतिशत अपंग नौजवान भी था। वह भला कोई अपराध क्या करता? एक ऐसे बुज़ुर्ग को हिरासत में लिया गया जिनकी बीवी इस दौरान मर गईं। कथित मुख्य आरोपी सलीम के भाई ने इरफ़ान इंजीनियर को एक वीडियो दिखाई जिसके मुताबिक़ वह घटनास्थल से दूर एक स्कूल में था, लेकिन अगर किसी आँखों पर पक्षपात की पट्टी बँधी हो तो भला वह कैसे देख सकता है? यह कमाल का पक्षपात है कि गणतंत्र दिवस मनानेवाले मुसलमानों को ऐसी कड़ी सज़ा और इसमें विघ्न डालने के लिए बाइक रैली से वहाँ आनेवालों को कोई सज़ा नहीं। चंदन गुप्ता की मौत के बाद कई दिनों तक मुसलमानों के घरों और दुकानों को जलानेवालों की कोई गिरफ़्त नहीं। चंदन गुप्ता की लाश पर सियासत करनेवाली न्यायपालिका और उसके आक़ाओं पर वलीउल्लाह 'वली' का यह शेर फ़िट बैठता है. आज मैं ऊँचा हूँ सबसे और सबसे मुहतरम भी तेग़ मेरे हाथ में है और लाशों पे खड़ा हूँ.

-(अनुवादक : गुलज़ार सहराई)

## आस्था

# 4 दिनों तक क्यों मनाया जाता है पोंगल?



❒ पोंगल दक्षिण भारत का एक प्रमुख त्योहार है, विशेषकर तमिलनाडु में धूमधाम से मनाया जाता है. यह त्योहार नई फसल के आगमन का उत्सव है और सूर्य देवता की पूजा के साथ मनाया जाता है. पोंगल दक्षिण भारत के लोगों के लिए बहुत ही खास माना जाता है. पोंगल पर्व नई फसल के आगमन का उत्सव है. किसान इस दिन सूर्य देवता को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने उन्हें अच्छी फसल दी. पोंगल के दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है. मान्यता है कि सूर्य देव सभी



जीवों को जीवन देते हैं. पोंगल के दिन पशुओं को भी पूजा जाता है, क्योंकि वे खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. पोंगल को तमिल नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है. पोंगल का पर्व इस साल में 14 जनवरी से शुरू होगा और 17 जनवरी तक चलेगा. यह पर्व खासतौर पर दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों जैसे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल में धूमधाम से मनाया जाता है.


पोंगल चार दिनों तक मनाया जाता है, हर दिन का अपना अलग महत्व होता है. मान्यता है कि पोंगल नई फसल का स्वागत करने का पर्व है. इस पर्व में सूर्य देव की पूजा की जाती है, क्योंकि वे जीवनदाता हैं. पशुओं को पूजा जाता है क्योंकि वे खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. पोंगल परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का एक अच्छा अवसर है. पोंगल बनाने के लिए एक मिट्टी का बर्तन इस्तेमाल किया जाता है. पोंगल एक मीठा व्यंजन है जिसे चावल, दूध और गुड़ से बनाया जाता है.

**भोगी:** पोंगल उत्सव का पहला दिन भोगी कहलाता है. इस दिन पुराने सामान को जलाकर नए साल का स्वागत किया जाता है. सूर्य पोंगल: दूसरे दिन को सूर्य पोंगल कहा जाता है. इस दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है और नई फसल का आशीर्वाद मांगा जाता है. मट्टू पोंगल: तीसरे दिन मट्टू पोंगल मनाया जाता है. इस दिन पशुओं को पूजा जाता है क्योंकि वे खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कानुम पोंगल: चौथे और अंतिम दिन को कानुम पोंगल कहा जाता है. इस दिन रिश्तेदारों और दोस्तों को आमंत्रित करके भोजन कराया जाता है.

## कहानी

# दलदल

हरीश कुमार



❒ वार्षिक परीक्षा के लिए चार दिन पहले भरे अपने एग्जामिनेशन फॉर्म को वह अभी-अभी तीसरी बार अच्छी तरह जाँचकर आया है. फॉर्म देखते वक़्त वीरेन्द्र भी उसके साथ था. अपनेआप को अब वह काफी आश्वस्त-सा महसूस कर रहा है. उसे लग रहा है जैसे उसके सिर से एक भारी बोझ उतर गया है. मन-ही-मन उसने इस बात का फैसला किया है कि अब वह किसी भी वहम-शहम के चक्कर में नहीं पड़ा करेगा और एक सामान्य ज़िंदगी जीने की कोशिश करेगा. लेकिन इस बोझ के उतर जाने की ख़ुशी का अहसास अभी उसे पूरी तरह हो भी नहीं पाया है कि अपने अंदर से एक मंद-सी आवाज़ उभरती उसे महसूस होने लगी है कि कहीं फार्म में अपना नाम लिखना तो वह नहीं भूल गया. कुछ देर उसने सोचा है ओर फिर सिर झटककर इस आवाज़ को दबाने की कोशिश की है. वीरेन्द्र और उसने सारा फार्म अच्छी तरह जाँचा था - यह बात उसे अब भी याद है. मगर इसके बावजूद अपने अंदर की आवाज़ को वह दबा नहीं पा रहा. सिर को ज़रा ज़ोर से झटककर इस ख़याल को दूर हटाने की एक और कोशिश उसने की है. पर इस ख़याल का एहसास और तेज़ होता जा रहा है.

वीरेन्द्र उससे अगले हफ़्ते शुरू होने वाली दिसम्बर की टर्मिनल परीक्षा के बारे में बात कर रहा है. लेकिन जवाब में उसके मुंह से सिर्फ 'हूँ', 'हाँ' ही निकल पा रहे हैं. दिसम्बर के इम्तिहानों की बजाय उसके दिमाग़ में तो बस यही बात तेज़ी से चक्कर काटने लगी है कि वार्षिक परीक्षा के एग्जामिनेशन फॉर्म में अपना नाम उसने लिखा हुआ है कि नहीं. उसके जी में आ रहा है कि इस बारे में वीरेन्द्र से एक बार पूछकर तसल्ली कर ली जाए. पर उसे लगता है कि ऐसा करने पर वह उसका मज़ाक उड़ाने लगेगा.

इसलिए वह अपने जी को कड़ा करने की कोशिश करने लगा है.यह बात तो वह अच्छी तरह से समझता है कि अगर वह एग्जामिनेशन फॉर्म के चक्कर में ही पड़ा रहा तो सालाना इम्तहान में जरूर गोल हो जायेगा. पर साथ ही अपने दिल में उठ रही इस बात को भी वह दबा नहीं पा रहा था कि अगर सिर्फ फॉर्म में किसी ग़लती की वजह से वह इम्तहान में फेल हो गया या उसके नम्बर कम आए तो वह भी तो अनर्थ से कम नहीं होगा. यह सोच वीरेन्द्र से फॉर्म के बारे में पूछ ही लेने की बात उसके दिमाग़ में और ज़ोर मारने लगी है. अपनी इस भावना को काबू में रखने की कोशिश तो उसने बहुत की है पर वह है कि उस पर छाती ही जा रही है. उसका सिर घूमने लगा है और आखिरकार उसे वीरेन्द्र से पूछना ही पड़ा है,"यार. वो. फॉर्म में. मैंने अपना नाम तो लिखा था न?"यार रवि, तू फॉर्म के बारे में इतना ज़्यादा सोचने की बजाय छह दिन बाद शुरू होने वाले एग्जाम्स के बारे में सोच. तीन बार तो तू फॉर्म चेक करके आ चुका है. इनमें से दो बार मैं भी तेरे साथ था. फिर भी तुझे तसल्ली नहीं हो रही.

मैं भी तो हूँ तेरे सामने. दूसरे लड़के भी तो हैं जिन्होंने फॉर्म भरा है. सिर्फ तू ही तो ख़ुदा का अकेला बंदा नहीं है जिसने ऐसा किया है. सब लोग फॉर्म भरकर भूल भी गये हैं. और तू है कि फॉर्म-फॉर्म की रट लगाए हुए है. मेरे ख्याल से तो तेरा नाम लिखा हुआ था और मान लो अगर नहीं भी लिखा हुआ तो आफिस वाले तुझे बुलाकर लिखवा लेंगे. वे फॉर्मों को अच्छी तरह चेक करके ही यूनिवर्सिटी भेजते हैं यार!' मगर वीरेन्द्र की इन बातों से उसे तसल्ली नहीं हो रही. अपना फॉर्म एक बार और देख ही लेने की बात उसके दिमाग़ में ज़ोर पकड़ने लगी है. घबराहट- घबराहट- सी महसूस होने लगी है उसे. उसे लगने लगा है कि बिना एक बार और फॉर्म देखे उसकी यह घबराहट दूर होने वाली नहीं. लेकिन यह ख़याल आने पर कि ऐसा करने से वीरेन्द्र और कॉलेजवाले उसकी खिल्ली उड़ायेंगे, उसे सनकी और न जाने क्या-क्या करेंगे, इस विचार को झटक देने में ही उसे अपनी भलाई दीख रही है.

## व्यंग्य

नवेन्दु उन्मेष

# भय बिनु होइ न प्रीति

हमारे देश में पिटाई और पिटाई शास्त्र का बड़ा महत्व है। घर में अगर बच्चे उधम मचाते हों तो माता-पिता दो तमाचा बच्चों पर जड़ देते हैं और उनकी मांगों पर ताला लगा देते हैं। पिटाई खाने के बाद बच्चा चुप हो जाता है और अपनी मांगों को लेकर चुप हो जाना अच्छा समझता है। देश में ज्यादातर वही फिल्में सफल रही हैं जिनमें मार-धाड़ के सीन ज्यादा होते हैं। अभिनेता विलेन को जब पीटता है तो सिनेमा के दर्शक सिनेमा हाल में वाह-वाह करते नहीं थकते हैं। कुछ दर्शक तो ' और मारो, और मारो ' की आवाज भी मुंह से निकालते हैं। उन्हें लगता है कि वे सिनेमा हाल में नहीं बल्कि सचमुच किसी लड़ाई के मैदान में बैठे हों। यही कारण है कि लोगों को राम-रावण युद्ध, महाभारत की लड़ाई के प्रसंग अच्छे लगते हैं। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भी लड़ाई के महत्व के बारे में बताया है। यहां तक कि महाभारत में भाई-भाई से कैसे लड़ते हैं इसका उल्लेख है। दंगा-फसाद से लेकर कई कारणों से जब देश में कर्फ्यू लगते हैं तब भी पिटाई का महत्व लोगों की समझ में आता है।

रामायण में तुलसीदास ने भी लिखा है 'भय बिनु होइ न प्रीति।' इससे जाहिर होता है कि तुलसीदास के जमाने में भी लड़ाई-झगड़े होते थे और कर्फ्यू भी लगते थे। उस जमाने की पुलिस डंडे लेकर तैनात रहा करती होगी उपद्रवियों को ठीक करने के लिए। यह भी संभव हो कि तुलसीदास के जमाने में जब लोग अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन या जुलूस निकालते होंगे तो उनकी पिटाई उस समय के शासकों के द्वारा की जाती होगी। आधुनिक युग में पिटाई शास्त्र की शुरुआत स्कूलों से होती है। जिन शिक्षकों को कक्षा में पढ़ाने में मन नहीं लगता है। वे घर से छड़ी लेकर आते है ताकि छात्र उन्हें पढ़ाने के लिए तंग नहीं करें। अगर छात्र उनसे कक्षा में कुछ ज्यादा प्रश्न पूछते हैं तो वे छड़ी चलाते है या तमाचा जड़कर छात्रों का मुंह बंद करा देते है। हमारे विश्वविद्यालयों में भी पिटाई का बड़ा महत्व है।

छात्र जब किसी मांग को लेकर आंदोलन करते हैं तो कुलपति तुरंत पुलिस बुला लेते हैं और डंडा चलवाकर उनका मुंह बंद करा देते हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के जमाने में कवि गोपाल सिंह नेपाली ने भी पिटाई के महत्व को अच्छी तरह समझा था। उन्होंने अपनी कविता में कहा था 'ओ राही दिल्ली जाना तो कहना अपनी सरकार से चरखा चलता है हाथों से शासन चलता तलवार से।' जाहिर है आजादी के वक्त गांधी और नेहरू का जोर चरखा चलाने पर था।

जब देश में 'हिन्दी-चीनी भाई- भाई' का नारा दिया जा रहा था तो चीन ने पिटाई शास्त्र का अभिनव प्रयोग करते हुए नेफा लद्दाख पर आक्रमण कर दिया था। तब भारतीय जवानों को नेहरू ने कहा था बीलो वेल्ट मारो। जब इस लड़ाई में नेहरू परास्त हुए तब आदेश दिया कि चीनी सैनिकों को कहीं भी मारो। लेकिन मारो जरूर। इसके बाद नेहरू का चरखा देश से गायब हो गया और लड़ाई के लिए आधुनिक अस्त्र-शस्त्र खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू हुई। देश के रक्षा बजट में भी इजाफा हुआ।




# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्पररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.



**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## तिरूपती बालाजी मंदिर में हथियारबंद डकैती, लाखों की लूट

**> बैंक, घर के साथ_साथ अब भगवान के आशियाने भी सुरक्षित नही.**
**> बंदुक की नोक पर पुजारी को दिखाया धोस.**
**> डकैती से पहले 1 डकैत द्वारा रेकी.**

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

चंद्रपुर शहर के दाताला रोड स्थित प्रसिध्द तिरूपति बालाजी मंदिर में सात हथियारबंद डकैतो ने बंदुक की नोक पर पुजारी को धोस दिखाकर एक कमरे में बंद कर दिया. मंदिर में मौजूद सीसीटीवी कैमरे पर कपडा ढककर लाखों की राशी पर हाथ साफ कर दिया. यह घटना रविवार की आधी रात हुई. घर बैंक के साथ_साथ अब शहर के भगवान के आशियाने भी सुरक्षित नही है. घटना के पहले एक



डकैत ने परिसर की रेकी करता हुआ सीसीटीवी कैमरे में पाया गया.

दाताला मार्ग स्थित इरई नदी के तट पर तिरूपती बालाजी का प्रसिध्द मंदिर है. हालही में दिसम्बर महिने में यहा ब्रम्होत्सव मनाया गया. मंदिर में दर्शन हेतु शहर के काफी श्रध्दालु यहां आते है. साथ ही पर्यटन के लिए यहां कई नागरिक आकर तिरूपति बालाजी के दर्शन करते है. इस मंदिर के संचालक शहर की बडी हस्ती है. उन्होने ही इस मंदिर का निर्माण किया है. इस बीच शनिवार को देर रात करिबन 12 से 12.30 बजे के बीच एक भाविक यहां दर्शन के लिए पहुचा. वह काफी समय तक मंदिर परिसर में रूका रहा. उस व्यक्ति ने संपूर्ण मंदिर का निरिक्षण किया. यह सब फुटेज मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमेरे में कैद हुआ. मंदिर के तिरूपती बालाजी मूर्ति के गर्भाकार का भी निरिक्षण किया. तत्पश्चात संबंधित व्यक्ति निकल गया. उसके 1 से 2 घंटे पश्चात सात से आठ हथियारबंद डकैतीयों ने मंदिर में प्रवेश किया. उन्होने मंदिर में लगे सभी कैमरे पर कपडा डालकर कैमेरे बंद कर दिए. तत्पश्चात पूजारी को बंदुक का धोस दिखाकर दोनो हाथ बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया. मंदिर के गर्भागार में पहुचकर दानपेटी फोडकर लाखों रूपए पर हाथ साफ कर फरार हो गए. इस समय, सभी सातों लुटेरों ने तिरुपति बालाजी की मूर्ति वाले मंदिर के दरवाजे तोड़ने की कोशिश की, साथ ही बगल के मंदिर के दरवाजे भी तोड़ने की कोशिश की. हालांकि, ताला नहीं टूटने पर वह भाग गए.

रात करीब दो बजे जब सुरक्षा गार्ड को मामले की जानकारी मिली तो उसने अन्य लोगों को घटना की जानकारी दी. बंधक बनाये गये पुजारी को रिहा कर दिया गया. घटना की सूचना मिलते ही उपविभागीय पुलिस अधिकारी यादव अपनी पूरी टीम के साथ मंदिर में दाखिल हुए. रामनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है. पिछले कुछ दिनों में शहर में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं. अब पुलिस को शहर में पेट्रोलिंग बढाने की आवश्यकता बढ गयी है.



## दिनदहाड़े किसान पर बाघ का हमला, हमले में किसान घायल

**नागभीड़.**

किसान गुरुदेव सराये पारडी थावरे को आज सुबह खेत में फसल काटने गए था. उसी वक्त बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। यह घटना शेतशिवार नंबर 75 की है। घायल किसान को पहले नागभीड के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें चंद्रपुर भेज दिया गया. चार दिन पहले वासाला मक्तता में दो बाघों के बीच भीषण लड़ाई हुई थी जिसमें एक बाघ घायल हो गया था। जहां लड़ाई हुई थी वहां से महज 3 से 4 किमी. दूर एक किसान पर बाघ ने हमला कर दिया है और लोग दहशत में हैं और बाघ को पकड़ने की मांग कर रहे हैं. वन विभाग ने सतर्कता बरतने की ग्रामीणों को चेतावनी दी है. लेकिन अब बड़ा सवाल ये है कि खेती कैसे की जाए.

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई।

**चंद्रपुर.**

स्वामी विवेकानंद चौक बंगाली कैंप में युवको के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई. सर्वप्रथम स्वामी जी के चित्र को वीरेंद्र विश्वास तथा डॉक्टर स्वपन कुमार दास ने पुष्प माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की. उसके बाद कार्यक्रम के आयोजक लकड़ी व्यवसायी हरि दास ने माल्यार्पण किया. पश्चात स्वामी विवेकानंद के जीवन पर वीरेंद्र विश्वास ने सभी को मार्गदर्शन किया. हिंदू धर्म को बढ़ाने के लिए तथा सभी को एकजुट होकर समय देने के लिए डॉक्टर दास ने सभी से अपील की इसी कार्यक्रम में आई ट्रांसप्लांट मल्टीपरपज सोसायटी के बारे में जानकारी दी गई. जिन्होंने भी नेत्रदान करना हो संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर दास से संपर्क कर सकते हैं. खोकन नंदी, तथा नीताइ घोष ने अपने विचार रखें. हरिदास की ओर से मिठाइयों का वितरण किया




गया. युगल साहा, हरिदास बिस्वास, इन्ट्मजीत मुखर्जी, डॉ बिधान बिस्वास, श्रीनिवास, रवि गुरनुले, विश्वजीत साहा, लक्ष्मण दास, तपन साहा, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे. आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई.

## सिंदेवाही में महाराष्ट्र पुलीस के स्थापना दिवस पर हुआ रक्तदान शिवीर

**सिंदेवाही.**

महाराष्ट्र पुलीस स्थापना दिवस सप्ताह रेंझिग डे के रूप मे मनाया जा रहा है. महाराष्ट्र पुलीस स्थापना दिवस के उपलक्ष मे पुलीस स्टेशन सिंदेवाही में मुमक्का सुदर्शन पोलीस अधीक्षक , रीना जनबंधू पोलीस उप अधीक्षक जिला चंद्रपूर के संकल्पना से तथा दिनकर ठोसरे उपविभागीय पुलीस अधिकारी ब्रह्मपुरी के मार्गदर्शन में सिंदेवाही पुलीस निरिक्षक विजय राठोड के नेतृत्व में हाल ही में रक्तदान शिवीर संपन्न हुआ.

इस अवसर पर सिंदेवाही पुलिस स्टेशन की ओर से हाल ही मे रक्तदान




शिवीर का आयोजन किया गया था.

ये शिवीर मे सिंदेवाही तहसील के नागरिक,अधिकारी, विभिन्न क्षेत्र के व्यक्ती ,तथा पुलिस थाने के जवानों ने रक्तदान कर सामाजिक दायित्व निभाया.

सफलतार्थ सहाय्यक पुलीस निरीक्षक मेश्राम, पुलीस उपनिरीक्षक सागर महल्ले,पुलीस उपनिरीक्षक ठवकर, पुलीस उपनिरीक्षक कु. गायकवाड, गोपनीय विभाग के रणधीर मदारे,रक्तवाहिनी टिम,सिंदेवाही पुलिस स्टेशन के अधिकारी व जवानों ने प्रयास किया.

## स्कॉलर्स सर्च एकेडमी में कैरियर संगोष्ठी

**कोरपना.** कोरपना में सर्च फाउंडेशन के तहत स्कॉलर्स सर्च एकेडमी और जूनियर कॉलेज कोरपना में सत्र 2024 - 25 का दूसरा कैरियर संवाद कार्यक्रम हाल ही में 11 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया था। कुंडा झाड़े ने स्कूल के प्रिंसिपल राहुल उलेमाले के साथ-साथ स्कूल में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वाइस प्रिंसिपल करिश्मा साटोने की उपस्थिति में कैरियर संवाद अभिभावक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए. इस मीटिंग में छात्र, अभिभावक, शिक्षक, प्रशासक सभी एक साथ आएं और छात्रों के करियर प्लानिंग का मार्गदर्शन स्कूल के संस्थापक इंजीनियर दिलीप झाड़े ने



छात्रों और अभिभावकों समझाया कि 10वीं-12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को घर के साथ-साथ विद्यालय में भी कैसा अनुकूल वातावरण मिले और इसके प्रति अभिभावकों की सकारात्मक जिम्मेदारी क्या हो, इस पर विद्यालय की प्राचार्या कुंदा झाड़े ने भी चर्चा की. छात्रों और अभिभावकों को विभिन्न कैरियर संबंधी परीक्षाओं जैसे सीईटी, जेईई, एनईईटी, एनडीए और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी। परीक्षा से पहले का समय छात्रों के लिए कितना महत्वपूर्ण होगा, इसकी महत्ता और महत्व को अभिभावकों की बैठक में बताया गया और छात्रों और अभिभावकों से प्रतियोगिता के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई. माता-पिता और विद्यार्थियों के बीच संतुलित वातावरण होना चाहिए। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की चिंता, उनके संतुलित आहार और समय के अनूठे महत्व के बारे में बताया गया। धन्यवाद भाषण विद्यालय की उपप्रधानाचार्या करिश्मा ने किया। साथ ही सहायक अध्यापिका सारिका, प्रोफेसर भावना, प्रीति, हर्षल सर, जानेकर सर एवं समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित थे।





## ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से मेरा नाता नहीं टूटेगा: सांसद प्रतिभा धानोरकर

**चंद्रपुर.**

लोकसभा की अभूतपूर्व सफलता के बाद मैंने ज्यादा गांवों का दौरा नहीं किया है, लेकिन मेरी कोशिश रहेगी कि ग्रामीण इलाकों के लोगों से मेरा नाता न टूटे और मैं हर विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा कर वहां की समस्याओं का जायजा लूंगी, सांसद प्रतिभा धानोरकर ने बल्लापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के दौरे के दौरान यह विचार व्यक्त किये.

स्व. बालूभाऊ धानोरकर की मृत्यु के बाद, प्रतिभा धानोरकर को चंद्रपुर-वणी-आर्णी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने बड़े वोटों के अंतर से चुना। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने इस विशाल लोकसभा क्षेत्र का दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है. 11 जनवरी को सांसद प्रतिभा धानोरकर ने बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के कोठारी, कवडजई, मानोरा, ईटोली, किन्ही, बामनी, विसापुर, नांदगांव पोड़े के ग्रामीणों से मुलाकात कर गांव की समस्याओं के बारे में जाना. इस दौरान सांसद प्रतिभा धानोरकर ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के प्यार के कारण आज मुझे देश के सर्वोच्च सदन में जाने का मौका मिला है. इसलिए मैं उनके प्यार के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।' ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी. इस मौके पर उन्होंने प्रत्येक गांव के पदाधिकारियों से बातचीत की और कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिये. इस यात्रा के दौरान जब ग्रामीणों ने कतार में बैठकर ईटोली में आम कार्यकर्ता के घर भोजन का आनंद लिया तो उनके मन में सांसद के प्रति सम्मान बढ़ गया। साथ ही सांसद धानोरकर ने दौरे के दौरान कई जगहों पर स्कूली बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत की. इस मौके पर उनके साथ बल्लारपुर नगर परिषद के पूर्व महापौर घनश्याम मूलचंदानी, बल्लारपुर ग्रामीण के तालुका अध्यक्ष गोविंदा उपरे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे.





# रश्मिका को लगी पैर में चोट

साउथ इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी ब्लॉकब्टर फिल्म 'पुष्पा 2' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. अब वह ईद पर रिलीज होने वाली मच-अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' में काम करती नजर आएंगी. इस फिल्म रश्मिका मंदाना और सलमान खान की पहली बार जोड़ी बनने जा रही है. इसी बीच बीते दिन खबर आई थी कि वह जिम में घायल हो गईं और उनके पैर में चोट लग गई. रश्मिका मंदाना को चोट लगने की वजह से फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग रोक दी गई थी.

रश्मिका मंदाना ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी चार तस्वीरें शेयर की हैं. इनमें आप देख सकते हैं कि उनके पैर में चोट लगी है और वह निराश नजर आ रही हैं. इन फोटोज के साथ रश्मिका मंदाना ने लिखा है, 'मुझे नया साल मुबारक हो गया. मैंने जिम को खुद को घायल कर लिया. अब मैं अगले कुछ हफ्तों या महीनों के लिए हॉप मोड में हूं या भगवान ही जाने. ऐसा लगता है कि मैं थामा, सिकंदर और कुबेरा के सेट पर पर एक पैर से कूद-कूदकर जाऊंगी. मेरे डायरेक्टर्स को देरी के लिए माफी. मैं जल्द ही वापस आऊंगी, बस ये सुनिश्चित कर लूं कि मेरे पैर एक्शन के लिए फिट हैं या कम से कम कूदने के लिए फिट हैं. इसी बीच अगर आपको मेरी जरूरत होगी. ए आर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाले हैं. बताया जा रहा है कि ये दोनों स्टार्स 10 जनवरी से इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल शुरू करने वाले थे लेकिन अब रश्मिका मंदाना के पैर में चोट लगने से इसे रोकना पड़ा है.

# ब्लैक साड़ी में श्रीलीला ने कराया फोटो शूट

श्रीलीला ने ब्लैक साड़ी में शेयर की सिजलिंग तस्वीर, कैप्शन में लिखा आपके लिए बेहद अट्रैक्ट करने वालीं हैं. उन्होंने आगे कैप्शन में लिखा 'इन स्मोकी आंखों के पीछे बहुत कुछ था', ब्लैक साड़ी में श्रीलीला की ये तस्वीरें जितनी सुंदर लग रहीं हैं, उतनी ही बोल्ड भी नजर आ रहीं हैं. श्रीलीला के इस लुक पर उनके फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं. किसी फैन ने लिखा 'ब्यूटीफुल', तो किसी ने कहा 'परी', किसी ने लिखा 'तुम्हारी आंखों में जादू है'.

श्रीलीला ने पुष्पा 2 में आइटम सॉन्ग 'किसिक' किया था, जिसे दर्शकों ने न सिर्फ खूब पसंद किया था, बल्कि उनपर जमकर प्यार भी लुटाया था. श्रीलीला ने अपने फिल्म करियर की शुरुआत साउथ फिल्मों से की थी, उन्होंने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में एक्टिंग कर अपनी दमदार अदाकारी से लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है. श्रीलीला की सोशल मीडिया पर भी पॉपुलैरिटी काफी ज्यादा है, बड़ी संखया में उनके फैंस उन्हें फॉलो करते हैं, और वो भी अपने जीवन से जुड़े पलो को अपने फैंस के साथ शेयर करती रही हैं. श्रीलीला, साउथ सिनेमा की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं. उन्होंने महेश बाबू, अल्लू अर्जुन समेत कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया है. श्रीलीला की आने वाली फिल्म 'दिलेर' है, जिसमें वे सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान के साथ नजर आएंगी.हाल ही में श्रीलीला को इब्राहिम अली खान के साथ स्पॉट भी किया गया था, जिसमें दोनों की बॉन्डिंग काफी अच्छी नजर आ रही थी.





# 10 साल बाद करतय आर्यन ली इंजीनियरिंग की डिग्री

बॉलीवुड इंडस्ट्री में खास पहचान बनाने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं. कार्तिक आर्यन ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है और बताया है कि उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग डिग्री ले ली है. उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के 10 साल बाद डिग्री ली है. कार्तिक आर्यन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें दिखाई दे रहा है कि उनका धमाकेदार स्वागत हुआ है. वहीं, कार्तिक आर्यन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने फैंस का खास ख्याल रखते हैं. कार्तिक आर्यन कहीं भी जाएं तो अपने फैंस को निराश नहीं करते हैं. उनका लेटेस्ट वीडियो इस बात का सबूत है. एक्टर का वीडियो वायरल होने के बाद उनकी जमकर तारीफ हो रही है.

कार्तिक आर्यन ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वह अपनी इंजीनियरिंग डिग्री लेने पहुंचते हैं. इसके साथ ही कार्तिक आर्यन ने इस वीडियो में टीचर्स और स्टूडेंट के साथ झलकियां दिखाई हैं. वह अपनी डिग्री लेकर काफी खुश नजर आते हैं और सभी के साथ अच्छा टाइम बिताते नजर आ रहे हैं. कार्तिक आर्यन ने इस वीडियो के साथ लिखा है, 'बैकबेंच पर बैठने से लेकर मेरे दीक्षांत समारोह के लिए स्टेज पर खड़े होने तक, ये क्या जर्नी रही है. डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, आपने मुझे यादें और सपने दिए, अब आखिरकार मेरी डिग्री (एक दशक से ज्यादा समय लगा). विजय पाटिल सर, मेरे टीचर्स और यहां मौजूद युवा सपने देखने वालों को आपके प्यार के लिए शुक्रिया. ऐसा लहगता है कि जैसे मैं घर आ गया हूं.'

कार्तिक आर्यन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें एक ऐसा पल आता है जिसे देखकर लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. दरअसल, कार्तिक आर्यन अपनी कार से बैठकर जा रहे होते कि तभी उनकी एक फीमेल फैन इमोशनल हो जाती है और वह उसे रोता देख वह उसे गले लगा लेते है. कार्तिक आर्यन का इस प्यारे अंदाज ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह सिर्फ रील लाइफ में ही हीरो नहीं बल्कि रियल लाइफ में भी हीरो हैं.

# अनुपम खेर ने सतीश कौशिक की विरासत का मनाया जश्न

अनुपम खेर ने दिवंगत सतीश कौशिक की विरासत को याद करते हुए उनके जगजीवन राम के परिवर्तन का वीडियो साझा किया। कंगना रनौत निर्देशित इमरजेंसी में अनुपम, सतीश, और श्रेयस अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होगी।वीडियो में, सतीश ने खुद को भाग्यशाली बताया कि उन्हें जगजीवन राम का किरदार निभाने का मौका मिला। उन्होंने कंगना रनौत के निर्देशन कौशल की भी प्रशंसा की और उन्हें "अभिनेताओं की निर्देशक" कहा। इस क्लिप में अभिनेता सतीश कौशिक से जगजीवन राम में उनके परिवर्तन मेकअप को भी दिखाया गया है। एक्टर ने कहा कि कभी-कभी एक अभिनेता के तौर पर जब आपको किसी प्रसिद्ध व्यक्तित्व की भूमिका निभाने का अवसर दिया जाता है, तो यह दुविधा होती है कि इस भूमिका को कैसे निभाऊं। क्या मुझे इसमें खुद को शामिल करना चाहिए या दर्शकों ने उनके बारे में जो देखा या पढ़ा है, उसके अनुसार अभिनय करना चाहिए। मैं 'इमरजेंसी' में जगजीवन राम की भूमिका निभाकर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं।अनुपम खेर अपने प्रिय मित्र सतीश कौशिक को याद करते हुए लिखा, "अपने मित्र #सतीशकौशिक की विरासत का जश्न मना रहा हूं.

# 'अनुजा' ऑस्कर नॉमिनेशन्स के लिए हुई फाइनल

'द एलिफेंट विस्परर्स' के लिए 2023 में एक बार ऑस्कर अवॉर्ड अपने नाम करा चुकीं इंडियन फिल्म प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा की इस साल भी एक शॉर्ट फिल्म नॉमिनेशन के लिए भेजी गई है.'अनुजा' को ऑस्कर नॉमिनेशन्स के लिए फाइनल किया गया है. हालांकि ये शॉर्ट फिल्म नॉमिनेशन में अपनी जगह बना पाती है या नहीं इसका फैसला तो एक हफ्ते बाद आएगा.

लेकिन इससे पहले आपको बता देतें हैं कि इसकी कहानी क्या है? वहीं बताएंगे फिल्म में जिस 9 साल की बच्ची ने 'अनुजा' का किरदार निभाया है उसकी असल जिंदगी की कहानी, जो आपको हिलाकर रख देगी.'अनुजा' का किरदार 9 साल की बच्ची सजदा पठान ने निभाया है. सजदा असल में एक चाइल्ड लेबर थीं. उस छोटी सी बच्ची को एक एनजीओ सलाम बालक ट्रस्ट ने रेस्क्यू किया था. दिल्ली की सड़कों से उठाकर एनजीओ ने सजदा को अपने यहां पनाह दी, जहां वो पढ़ाई भी करती हैं और एक्टिंग के क्षेत्र में भी नाम बना रही हैं. एक्ट्रेस मीरा नायर इस ट्रस्ट का हिस्सा हैं.

सोचिये ये कितनी शानदार बात है कि आपकी जिंदगी पर फिल्म बने, आप ही उसमें लीड



रोल करें और वो ऑस्कर के नॉमिनेशन के लिए भी भेजी जाए. सजदा इस मोमेंट को असल में जी रही हैं. सजदा इससे पहले 2023 में आई फीचर फिल्म 'द ब्रेड' में काम कर चुकी हैं.

'अनुजा' में सजदा पठान की बड़ी बहन का किरदार अनन्या शानभाग ने निभाया है, वहीं शॉर्ट फिल्म में उनके साथ नागेश भोंसले, गुल्शन वालिया भी हैं. इसे आदम जी ग्रेव्स और सुचित्रा ने डायरेक्ट किया है. वहीं गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर्स हैं. हॉलीवुड की स्टार राइटर मिंडी कालिंग इस शॉर्ट फिल्म की प्रोड्यूसर हैं.अनुजा को बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटेगरी के लिए भेजा गया है. ऑस्कर्स अवॉर्ड्स सेरेमनी 2 मार्च 2025 को होगी. इसे कॉनन ओ'ब्रेन होस्ट करेंगे. 'अनुजा' अब तक न्यूयॉर्क शॉर्ट्स इंटरनेशनस फिल्म फेस्टिवल 2024, हॉलीवुड शॉर्ट्स फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट लाइव इन एक्शन फिल्म और मॉन्ट क्लेयर फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड्स जीत चुकी है. साथ ही येलो बार्न, फोयल और इंडी शॉर्ट्स जैसे कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में ऑफिशियली एंट्री पा चुकी है.

# अजमेर शरीफ पहुंचे शाहरुख

शाहरुख खान के फैन फॉलोइंग की चर्चा तो हर जगह होता ही रहती है, हाल ही में सेलिब्रिटी सिक्योरिटी कंसलटेंट युसुफ इब्राहिम ने भी एक्टर के साथ एक किस्सा शेयर किया था, जिसमें उन्होंने अजमेर शरीफ जाने के बारे में बात की. उन्होंने बताया कि एक्टर को देखने के लिए इतनी भीड़ आ गई थी कि हम धक्का खाते हुए दरगाह पहुंच गए थे.

शाहरुख खान को बॉलीवुड का बादशाह यूं ही नहीं बोला जाता है, बल्कि उनके साथ कई ऐसे सारे किस्से जुड़े हुए हैं, जो उन्हें इस टाइटल के लिए एकदम सही बताते हैं. शाहरुख कमाल की एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन फैन्स के साथ उनका व्यवहार उन्हें बाकी स्टार्स से एकदम अलग बनाता है. हाल ही में इस बारे में युसुफ इब्राहिम ने बात की है, युसुफ सेलिब्रिटी सिक्योरिटी कंसलटेंट हैं, उन्होंने आलिया भट्ट, वरुण धवन जैसे स्टार के साथ काम किया है.



युसुफ ने हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शाहरुख खान के बारे में बात की. उन्होंने बताया कि शाहरुख खान के साथ काम करने का एक्सपीरियंस वो कभी भी नहीं भूल सकते हैं. एक किस्सा याद करते हुए उन्होंने बताया कि आईपीएल के दौरान शाहरुख ने अजमेर शरीफ दरगाह जाने की इच्छा जताई. जिसके साथ सभी वहां पहुंच गए. युसुफ ने कहा कि जिस दिन हम लोग वहां पहुंचे थे वो दिन शुक्रवार का था, जो कि काफी गलत था क्योंकि आम दिनों के मुकाबले शुक्रवार को ज्यादा भीड़ होती है.युसुफ ने सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में बताया कि हम लोग 12.30 बजे के करीब दरगाह पर पहुंचे, वो वक्त नमाज का होता है. आम दिनों पर ही वहां 10-15 हजार लोग रहते हैं और शुक्रवार को इससे ज्यादा भीड़ होती है. सेलिब्रिटी सिक्योरिटी कंसलटेंट ने बताया कि शाहरुख खान के वहां जाने की बात बहुत तेजी से आस पास के लोगों में फैल गई, जिसके बाद से वहां पर लोग इकट्ठा होने लगे. उन्होंने बताया कि वहां इतने लोग थे कि लोगों ने हमें धक्का मारते हुए दरगाह ले गए और फिर धक्का मारते हुए ही अपने आप गाड़ी में लाकर बैठा दिया.

# हाथ में भाला चेहरे पर गुस्सा...

रश्मिका मंदाना और बॉलीवुड के दबंग सलमान खान के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है. कुछ देर पहले ही सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म सिकंदर का एक पोस्टर फैंस के साथ शेयर कर दिया है. इस पोस्टर को साझा करके सलमान खान ने अपने सिकंदर के लुक से पर्दा हटा दिया है. इस पोस्टर में सलमान खान सूट बूट में नजर आ रहे हैं. इस तस्वीर में दबंग खान ने एक भाला पकड़ा हुआ है. इतना ही नहीं सलमान खान के चेहरे का गुस्सा तो देखने के लायक है. सलमान खान को देखकर लग रहा है कि जैसे वो किसी की जान लेने जा रहे हैं. सलमान खान का ये अंदाज देखकर सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है. लोग ने सिकंदर के लुक को देखकर भाईजान की तारीफ करनी शुरू कर दी है.तस्वीर को देखकर फैंस को लग रहा है कि जैसे सलमान खान मार पिटाई करने के पूरे मूड में हैं. यही वजह है जो लोग सलमान खान की इस तस्वीर पर तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं. फैंस का कहना है कि फिल्म सिकंदर में एक बार फिर से सलमान खान का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा.

# लॉस एंजेलिस की आग से बाल-बाल बचीं रूपल त्यागी

टीवी एक्ट्रेस रूपल त्यागी लॉस एंजेलिस की आग से बाल बाल बची हैं. एक्ट्रेस दो महीने के ब्रेक पर गई हुई थीं, वो वहां पढ़ाई भी कर रही थीं, लेकिन वापस लौटते हुए, वहां मचे हाहाकार को देख वो अपनी सारी अच्छी यादें भूल गईं.रूपल ने बताया कि कैसे उन्होंने घर वापस आते समय आसमान में धुआं देखा, लेकिन जब तक वो उतर नहीं गईं, तब तक उन्हें इसकी ग्रैविटी का एहसास नहीं हुआ. इंडिया टुडे डिजिटल से बात करते हुए, रूपल ने बताया कि वो कुछ दिन पहले उन जगहों पर थीं और उनके लिए उस शहर को पूरी तरह से राख में बदलते देखना दिल दहला देने वाला था.

रूपल बोलीं- ड्राय मौसम की स्थिति को देखते हुए जंगल में आग लगना उनके लिए कॉमन बात है, लेकिन किसी ने ये नहीं सोचा था कि ये इतनी भयंकर होगी. मुझे याद है कि मैंने अपनी फ्लाइट से धुआं निकलते देखा था और सोच रही थी कि क्या हो रहा है. जब तक मैं मुंबई पहुंची, मुझे पता चला कि आग कैसे फैल गई और सब कुछ जल गया. वो नजारा देखना दिल दहला देने वाला है. एक्ट्रेस ने कहा कि



घर वापस जाने से पहले, वो उसी सड़क पर गाड़ी चलाकर हॉलीवुड साइन देखने गई थीं. आग की वजह से उस इलाके को भारी नुकसान हुआ. रूपल ने कहा कि अब उनकी यादों का एक अलग मतलब होगा. रूपल बोलीं- मैं लॉस एंजेलिस में बिताए अपने शानदार समय को याद करने के लिए कुछ सिंबल्स वापस लाई थी. लेकिन अब, जब भी मैं इसे देखती हूं, तो मुझे दर्द का एहसास होता है. सौभाग्य से मेरे सभी दोस्त सेफ एरिया में हैं, लेकिन फिर भी मुझे उनकी फिक्र होती है. जबकि मैं वक्त पर वहां से निकल जाने के लिए धन्य महसूस करती हूं. इस मुश्किल घड़ी में अपने दोस्तों के साथ न होने का मुझे दुख भी है. प्रकृति के प्रकोप को देखना इतना परेशान करने वाला है कि मैं पूरी तरह से हिल गई हूं. रूपल ने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं हमें ये भी याद दिलाती हैं कि हमारा जीवन कितना अनप्रेडिक्टेबल है. रूपल बोलीं- सोचिए कि एक खुशहाल शहर एक दिन में जलकर राख हो जाए, ये विश्वास करने लायक नहीं है. लाइफ सच में समझ से बहुत परे है, और मुझे लगता है कि ये हर एक दिन को पूरी तरह से जीने की सोच को और मजबूत करता है. हम कभी नहीं जानते कि अगले दिन क्या होने वाला है. मैं सच में उम्मीद करती हूं कि जो लोग पीड़ित हुए हैं,

# हरियाणा ने 6 विकेट से गुजरात को हराया

## सेमीफाइनल के लिए हरियाणा को करनी पड़ी मशक्कत



**वडोदरा.**

बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने गुजरात को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। हरियाणा ने रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से गुजरात को हराया। इस जीत में हरियाणा के निशांत सिंधु और हिमांशु राणा छाए रहे। दोनों ने मिलकर हरियाणा को जीत दिला दी। हरियाणा के लिए अनुज ठकराल ने इस मैच में डेब्यू किया और शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ये फैसला एक समय के बाद ठीक भी साबित हुई और पूरी टीम 196 पर सिमट गई। हालांकि पहला विकेट 45 के स्कोर पर गिरा था लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण बड़ा स्कोर नहीं बना सके। उर्विल पटेल ने 23, आर्या देसाई ने 23, चिंतन गजा ने 32 रन बनाए। उसके बाद सौरव चौहान ने 23, रवि बिश्नोई ने 12 रन बनाए। हेमांग पटेल ने गुजरात की पारी को संभाला को अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 196 तक पहुंचाया। हेमांग पटेल ने 62 गेंदों का सामना करते हुए 54 रनों की पारी खेली। जिसमें 5 छक्के और 2 चौके लगाए। हरियाणा के लिए गेंदबाजी करते हुए अनुज ठकराल ने अपने पहले मुकाबले में ही शानदार और किफायती गेंदबाजी करते हुए 39 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उसके अलावा निशांत सिंधु ने 3 और अंशुल कम्बोज ने 2 विकेट चटकाए।वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

ये फैसला एक समय के बाद ठीक भी साबित हुई और पूरी टीम 196 पर सिमट गई। हालांकि पहला विकेट 45 के स्कोर पर गिरा था लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण बड़ा स्कोर नहीं बना सके। उर्विल पटेल ने 23, आर्या देसाई ने 23, चिंतन गजा ने 32 रन बनाए।

### जीत के लिए हरियाणा को करनी पड़ी मशक्कत

जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। हालांकि हरियाणा ने किसी भी तरह से जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। हरियाणा को इस जीत के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। हरियाणा ने 44.2 ओवर में 8 विकेट खोकर 201 रन बनाकर मुकाबले को जीत लिया।




# जनजागृति वॉकथॉन आज

नागपुर. नायलॉन मांजा के कारण आए दिन दुर्घटना होने की खबर बड़े पैमाने में आती है। नायलॉन मांजा के कारण कई लोगों को जान गंवाना भी पड़ता है। इसके उपयोग को रोकने हेतु जनजागृति की दृष्टि से सोमवार 13 जनवरी को वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। सिंधु एज्यूकेशन सोसायटी और इंडियन टैक्सपेयर्स एसोसिएशन (आईटीए) संयुक्त रूप से पिछले दो वर्ष से इस वॉकथॉन को आयोजित कर रही है, जो इस वर्ष भी जारी रहेगा। यह जानकारी सोसायटी के सचिव दीपक बजाज ने दी। वॉकथॉन में 3000 से अधिक स्कूली बच्चों के भाग लेने की संभावना है। वॉकथॉन के दौरान स्कूली बच्चे 6 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, जो महात्मा गांधी स्कूल से आरंभ होकर इंदौरा चौक, कमाल चौक, आंवले बाबू चौक, दस नंबर पुलिया, कड़बी चौक, मेकोसाबाग फ्लाईओवर, गोंडवाना चौक, इटारसी पुलिया, जिंजर मॉल, हेमू कॉलोनी होकर महात्मा गांधी स्कूल में जाकर समाप्त होगी। नायलॉन मांजे के कारण जान गंवाने वाले वेद साहू और उस घटना को ध्यान में रखते हुए वॉकथॉन का आयोजन किया जाता रहा है। इस वॉकथॉन को नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रवीन्द्र सिंगल हरी झंडी दिखाएंगे। नायलॉन मांझे को लेकर जनजागृति के लिए वेद साहू पर प्रिंस बजाज ने एक शॉर्ट फिल्म भी बनाई है, जिसे नागपुर के स्कूलों में दिखाई जा रही है।

# खतरे में शाहीन अफरीदी का टेस्ट क्रिकेट भविष्य

**नई दिल्ली**

.पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का टेस्ट क्रिकेट करियर खतरे में दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान अब उन्हें टेस्ट टीम में शामिल करने के बारे में सोच भी नहीं रहा है। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया है। शाहीन को 2024 की शुरुआत से पाकिस्तान के आखिरी 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैच से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें तथाकथित रूप से विश्राम दिया गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक 32 टेस्ट में 116 विकेट लिए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। तब चयनकर्ताओं ने स्पष्टीकरण दिया था कि वे उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तरोताजा चाहते हैं।aदिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शाहीन को मौजूदा बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में कोई संकोच नहीं किया, जबकि उसी समय दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला चल रही थी।

# बीसीसीआई ने किया नए सेक्रेटरी का ऐलान





**नई दिल्ली.**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने नए सेक्रेटरी को चुन लिया है. इस पद के लिए देवजीत साइकिया के नाम का ऐलान किया गया है. बीसीसीआई ने रविवार 12 जनवरी को एक स्पेशल जनरल मीटिंग के बाद उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की. बोर्ड के संविधान के मुताबिक इस खाली पद को भरने के लिए 45 दिन का समय था, जिसके लिए चुनाव किया गया. साइकिया ने सेक्रेटरी पद के लिए अपना नामांकन भरा. हालांकि, उनके सामने कोई और उम्मीदवार नहीं उठा, जिसके बाद अब उन्हें औपचारिक तौर पर निर्विरोध चुन लिया गया है. बीसीसीआई में ये सबसे ताकतवर पद माना जाता है, जिसकी कमान अब साइकिया के पास होगी. बता दें दिसंबर 2024 में जय शाह के आईसीसी चेयरपर्सन बने थे. उसके बाद साइकिया को अंतरिम सचिव बना दिया गया था. इसलिए इस पद के लिए उनका नाम तय माना जा रहा था. वहीं दूसरी ओर प्रभतेज भाटिया को कोषाध्यक्ष चुना गया है.

करीब 56 साल के देवजीत साइकिया का जन्म अप्रैल 1969 में असम के गुवाहटी में हुआ था. साइकिया गुवाहटी में ही पले बढ़े हैं. उन्हें 'लोन' के नाम से भी जाना जाता है. साइकिया खुद एक फर्स्ट क्लास क्रिकेटर रह चुके हैं. उन्होंने 1990-91 सीजन में असम के लिए रणजी ट्रॉफी में भी 4 मैच भी खेला था. वो एक विकेटकीपर थे, साथ ही मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते थे. बाद में वो असम क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी भी बने. वो गुवाहटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के भी जनरल सेक्रेटरी हैं. इतना ही नहीं वो असम के एडवोकेट जनरल भी रह चुके हैं.देवजीत साइकिया को क्रिकेट में पहचान पहली बार 1984 में जूनियर लेवल पर बीसीसीआई के सबसे अहम टूर्नामेंट सीके

नायडू ट्रॉफी के जरिए मिली. इसके बाद विजय मर्चेंट ट्रॉफी में असम की अंडर-15 टीम की ओर से डेब्यू मैच में ही उन्होंने नाबाद 55 रन ठोक दिए थे. फिर साइकिया ने 1987 में अंडर-17दिसंबर 2024 में जय शाह के आईसीसी चेयरपर्सन का पद संभालने के बाद से ही साइकिया अंतरिम तौर पर बीसीसीआई के सचिव की भूमिका निभा रहे थे. बोर्ड के संविधान के मुताबिक कोई भी पद खाली होने पर उसे 45 दिन के अंदर भरना होता है और इसके लिए चुनाव होता है. इस बार भी यही प्रक्रिया अपनाई गई और साइकिया ने सेक्रेटरी पद के लिए नामांकन दाखिल किया गया. हालांकि, उनके सामने कोई और उम्मीदवार नहीं उठा, ऐसे में 12 जनवरी को उन्होंने औपचारिक तौर पर निर्विरोध सचिव चुना जाएगा.

# बीसीसीआई को मिला नया सचिव और कोषाध्यक्ष

**मुंबई.**

असम के पूर्व क्रिकेटर देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को रविवार को यहां आयोजित विशेष आम बैठक में क्रमशः बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया है. बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी अचल कुमार ज्योति,जो पहले भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे, द्वारा जारी की गई अंतिम सूची में सैकिया और भाटिया ही एकमात्र नाम थे. कुल मिलाकर बोर्ड को अपने दो बड़े अधिकारी मिल गए हैं. अब देखते हैं कि आगे ये दोनों कैसे काम करते हैं भारतीय क्रिकेट की भलाई के लिए ठीक वैसे बड़े फैसले ले पाते हैं, जैसे जय शाह ने अपने कार्यकाल में लिए.

असम क्रिकेट संघ के अध्यक्ष तरंगा गोगोई ने एक्स पर पोस्ट किया, बीसीसीआई के मुंबई कार्यालय में असम क्रिकेट एसोसिएशन के शीर्ष परिषद सदस्यों के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया और प्रभतेजबी को कोषाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई. आप दोनों को अपने नए प्रयासों में जबरदस्त सफलता और पूर्णता की शुभकामनाएं! आपका नेतृत्व और विशेषज्ञता भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाए. असम के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर चार प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले सैकिया, 1 दिसंबर को जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव थे. उन्होंने पहले बीसीसीआई के संयुक्त सचिव के तौर पर काम किया था, यह पद एक अन्य चुनाव प्रक्रिया के जरिए भरा जाना है.

दूसरी ओर, भाटिया कोषाध्यक्ष की भूमिका में तब आए जब उनके पूर्ववर्ती आशीष शेलार ने महाराष्ट्र राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल होने के बाद पद छोड़ दिया.

# महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के विद्यार्थियों की सफलता



नागपुर. 9वीं एनएसकेएआई राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में स्थानीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज,वानाडोंगरी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शोतोकान कराटे एसोसिएशन द्वारा 27 एवं 28 दिसंबर 2024 को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में भाग लिया. तथा 6 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता में छात्र रूपम राहंगडाले, अंश मिश्रा, रुण्मई डोंगरे, कार्तिक टोपले और कौशिक गंथाले, आराध्य मानकर ने भाग लिया। रूपम राहंगडाले ने 45 किलोग्राम से कम वर्ग में काता और कुमिते प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता,अंश मिश्रा ने 35 किलोग्राम से कम वर्ग में काता और कुमिते प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, रुनमई डोंगरे ने 35 किलोग्राम से कम वर्ग में काता प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। सब जूनियर वर्ग में कार्तिक टोपले ने काता प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उन्होंने कुमिते में रजत और कांस्य पदक जीता। कौशिक गंथाले ने अंडर 26 किलोग्राम वर्ग में काता में रजत और कुमिते में स्वर्ण पदक जीता। आराध्या मानकर ने सब-जूनियर वर्ग में काता में स्वर्ण और कुमिते में कांस्य पदक जीता। सभी छात्र सेंसई श्याम वर्मा के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पारशिवणीकर ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को बधाई दी। उप प्राचार्य दीपाली कोठे, खेल शिक्षक रामचंद्र वाणी, निकिता खेरडे, प्रिया डाखले, माधवी वंदे, प्रीति धामगाये, माधुरी हिवारे, दीपिका नाटके, श्रद्धा इराटवार, माधुरी पवार, सुजाता मेश्राम, लीना नागपुरे, श्वेता ठाकुर, मंजू वैरागडे, अनिता चौधरी, दिलेश पिछोरे, उमेश लोनारे, सोमेन्द्र गौतम, दयाल गोरे आदि ने शुभकामनाएं दीं।

# 2025 चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से

## बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान




**नई दिल्ली.**

2025 चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में खेली जानी है. 8 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड का ऐलान होना शुरू हो गया है. इंग्लैंड की टीम ने पहले ही अपनी टीम चुन ली थी. अब भारत के एक पड़ोसी देश ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. लेकिन इस टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है. इस खिलाड़ी के पास 447 इंटरनेशनल मैच खेलने का अनुभव है. लेकिन पिछले कुछ समय से ये खिलाड़ी एक विवाद में फंसा हुआ है.चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश की टीम ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. नजमुल हुसैन शांतो इस टीम की कमान संभालेंगे. वहीं, पूर्व कप्तान और अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को टीम में नहीं चुना गया है. इसके बाद 27 फरवरी को रावलपिंडी में ही उसकी टक्कर पाकिस्तान से होगी. बता दें, पिछली चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी. ऐसे में वह बाकी टीमों के लिए इस बार भी बड़ी खतरा रहने वाली है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के ग्रुप में भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें शामिल हैं. वह अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी से करेगी. जहां उसका सामना टीम इंडिया से होगा. ये मुकाबला दुबई में खेला जाएगा. इसके बाद बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान जाएगी. ग्रुप स्टेज में वह अपना दूसरा मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 24 फरवरी को रावलपिंडी में खेलेगी.



# भारत विश्व कप जीत जाता तो मुझे गर्व होता

**नई दिल्ली.**

खेल के इतिहास में सबसे बेहतरीन मध्यक्रम बल्लेबाजों में से एक, युवराज सिंह की भारतीय क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ है। कैंसर से जूझने के बावजूद, युवराज ने 2011 विश्व कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। टूर्नामेंट के खत्म होने के बाद ही पता चला कि युवराज को कैंसर है। उसके बाद भारतीय टीम के साथ उनका करियर कभी भी उतनी ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाया।


2007 आईसीसी वर्ल्ड टी20 और 2011 वर्ल्ड कप में देश के लिए किए गए उनके प्रदर्शन के लिए आज भी पूरा भारत युवराज की तारीफ करता है। उनके पिता योगराज सिंह ने एक पॉडकास्ट में कहा कि अगर युवराज की मौत भी वर्ल्ड कप के दौरान हो जाती तो भी उन्हें गर्व होता, क्योंकि भारत ने खिताब जीता था।

हमारे देश के लिए, अगर युवराज सिंह कैंसर से मर गए होते और भारत को विश्व कप जिताते, तो मैं एक गौरवान्वित पिता होता। मुझे अभी भी उन पर बहुत गर्व है। मैंने उन्हें फोन पर भी यह बात बताई है। मैं चाहता था कि जब वह खून थूक रहे हों, तब भी वह खेलें। मैंने उनसे कहा, 'चिंता मत करो, तुम नहीं मरोगे। भारत के लिए यह विश्व कप जीतो। योगराज ने अनफिल्टर्ड बाय समदिश पॉडकास्ट पर कहा।हालांकि युवराज भारतीय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन फिनिशरों में से एक हैं, लेकिन उनके पिता को अब भी लगता है.

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को बड़ा झटका

**नई दिल्ली**

.चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होनी है. वहीं 20 फरवरी भारतीय टीम दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट में अपने सफर की शुरुआत करेगी. वहीं भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 23 फरवरी को खेला जाएगा. यानि इस अहम मुकाबले में अब करीब 1.5 महीने का समय रह गया है. लेकिन इससे ठीक पहले टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में सिडनी टेस्ट के दौरान जसप्रीत बुमराह को इंजरी हो गई थी. इसके बाद उनका स्कैन किया गया था, जिसकी रिपोर्ट सामने आ गई है. इसमें खुलासा हुआ है कि उनकी कमर में सूजन है और वो करीब दो महीने तक मैदान से बाहर रह सकते हैं. 11 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए स्क्वाड का ऐलान किया गया था. इसी दिन बीसीसीआई ने एक मीटिंग भी की थी. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसमें ही बुमराह की इंजरी के बारे में सेलेक्टर्स को डिटेल जानकारी दी गई. बता दें भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम




लगातार बुमराह की इंजरी को लेकर नजर बनाए हुई थी. पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि उन्हें फ्रैक्चर है. लेकिन रिपोर्ट सामने आने के बाद पता चला है कि उनके कमर में सूजन है. बीसीसीआई सूत्रों की मानें तो बुमराह को नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है. यहां वो रिहैब करेंगे, जिसमें करीब दो महीने का समय लग सकता है. मार्च के पहले हफ्ते तक ही उनके पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है. बता दें एनसीए उनकी रिकवरी को पहले तीन हफ्ते तक मॉनिटर करेगी. इसके बाद उन्हें दो प्रैक्टिस मैच खेलने होंगे, जहां फिटनेस की जांच की जाएगी. इसमें पास होने के बाद ही भारतीय टीम के लिए खेलने की अनुमति दी जाएगी. ऑस्ट्रेलिया में जसप्रीत बुमराह से जरूरत से ज्यादा गेंदबाजी करवाने का नतीजा टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी में भुगतना पड़ रहा है. जैसा कि हमने पहले ही बताया बुमराह को मार्च के पहले हफ्ते तक ही पूरी तरह फिट हो पाएंगे. तब तक भारत के ग्रुप स्टेज के मुकाबले खत्म हो जाएंगे. भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को खेलेगी, जिसमें बुमराह का खेलना मुश्किल लग रहा है. इसका मतलब है कि अगर टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब होती है तो 4 मार्च को होने वाले इस मैच में बुमराह खेल सकते हैं.

# 'वंदे मातरम राष्ट्रगान होना चाहिए': रामगिरि महाराज

## चल रही शब्दबाणों की राजनीति

**छत्रपति संभाजीनगर.**

आज-कल की राजनीति शब्दबाणों की राजनीति चल रही है। हर कोई अपने शब्दों के बाण चलाने को बेकाबू है। इस आधिकारिक स्थान पर आसनस्थ होते हुए जो बयान दिए जाते हैं, वे सोच-समझकर दिए जाएं, ऐसी सभी की अपेक्षा होती है। लेकिन क्या है कि जबान फिसल ही जाती है। राजनेताओं की तो जैसे यह आदत सी बन गई है। लेकिन अब इसमें धार्मिक नेता भी पीछे नहीं रहे हैं। इससे पहले भी विवादित बयान देकर खुद विवादों में फंसे धार्मिक नेता रामगिरि महाराज की जुबान फिसल गई। इस बार अपने बयान से उन्होंने फिर बवाल मचा दिया। धार्मिक नेता रामगिरि महाराज ने कहा है कि भारत का राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' होना चाहिए। रवींद्रनाथ टैगोर ने 'जन गण मन' मूल रूप से बंगाली में लिखा था। संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को इसके हिंदी संस्करण को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया था। रामगिरि महाराज ने मंगलवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में दावा किया, ''यह गीत रवींद्रनाथ टैगोर ने 1911 में कोलकाता में गाया था। उस समय देश स्वतंत्र नहीं था। उन्होंने इसे तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम के सामने गाया था, जो भारत में अन्याय कर रहे थे। यह गीत देश को संबोधित नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''हमें वंदे मातरम को राष्ट्रगान बनाने के लिए संघर्ष शुरू करना होगा। वंदे मातरम हमारा राष्ट्रगान होना चाहिए।'' जितेंद्र आव्हाड ने कहा, ''अब समय आ गया है कि रामगिरि को जूते से पीटा जाए। अब उन्हें 'जन गण मन' पर भी आपत्ति है। तो उन्हें 'राष्ट्रगान' पर प्रतिबंध की मांग करनी चाहिए। अब ज्यादा हो गया है।'' बता दें कि धार्मिक नेता रामगिरि महाराज ने पिछले साल पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसके बाद महाराष्ट्र में उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए थे।



### महाराज ने अपने बयान की दी सफाई

❑ बाद में जब पत्रकारों ने उनसे इस विवादास्पद टिप्पणी के बारे में पूछा तो रामगिरि महाराज ने कहा कि यह सम्मान या अनादर की बात नहीं है बल्कि सच बोलने की बात है। उन्होंने कहा, ''अगर सच बोलने को अनादर कहा जा रहा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'' रामगिरि की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार गुट के नेता और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने तो उन पर और भी भद्दी टिप्पणी कर दी।

# सरपंच हत्याकांड के आरोपियों को फांसी देने की मांग




**वाशिम.**

बीड मामले में पकड़ा गया मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड को पुलिस ने रिहा कर दिया है। सरपंच हत्याकांड में 7 आरोपियों के खिलाफ मकोका लगाया गया है लेकिन वाल्मिक कराड को रिहा कर दिया गया। इस पर वाल्मिक कराड के खिलाफ भी मकोका लगाया जाने की मांग की जा रही है। बीड में संतोष देशमुख हत्याकांड में न्याय की मांग के लिए लगातार आम जनता प्रदर्शन कर रही है। इस बीच वाशिम में भी न्याय को लेकर सभी धर्म के लोगों ने साथ आकर मूक मोर्चा निकाला। बीड और परभणी मामले को लेकर वाशिम में सभी धर्मियों की ओर से एक भव्य मूक मोर्चा निकाला गया। इस मूक मोर्चे में संतोष देशमुख के भाई और अन्य राजनीतिक नेता भी मौजूद थे। बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख और परभणी के सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या के सभी आरोपियों को फांसी देने की मांग को सामने रखा गया।

वाशिम में इस मोर्चे में सभी दलों, सभी धार्मिक संगठनों, धर्मार्थ संगठनों और संवेदनशील नागरिकों द्वारा एक विशाल मूक मोर्चा का आयोजन किया गया था। मोर्चे में संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख, वाशिम के सांसद संजय देशमुख और अन्य राजनीतिक नेता तथा सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह विशाल मोर्चा छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से शुरू हुआ और पाटनी चौक से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक गया। इस अवसर पर सभी पार्टी के नेताओं द्वारा जिलाधिकारी को संतोष देशमुख के परिवार को न्याय दिलवाने की मांग की गई।

धनंजय देशमुख ने मीडिया से बात करते हुए जानकारी दी कि बीड हत्याकांड के 7 आरोपियों पर मोक्का लगाया गया। लेकिन घटना का मुख्य सूत्रधार वाल्मिक कराड पर जब तक हत्या का मामला दर्ज नहीं होता और कराड सहित सभी आरोपियों को फांसी की सजा नहीं दी जाती तब तक हम न्याय मांगते रहेंगे। बीड जिले के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की 9 दिसंबर को उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने कथित तौर पर क्षेत्र में पवन चक्कियां लगाने वाली एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध किया था। कथित तौर पर जबरन वसूली के प्रयास का नेतृत्व स्थानीय नेता विष्णु चाटे ने किया था, जिन्होंने कंपनी से 2 करोड़ रुपये की मांग की थी। कथित तौर पर देशमुख के हस्तक्षेप के कारण उनका अपहरण, यातना और बाद में हत्या कर दी गई।

# फिर एक बार दहला बीड़




**बीड़.**

महाराष्ट्र का बीड़ जिला एक बार फिर दहल गया है। संतोष देशमुख की हत्या काफी नहीं थी कि अब बीड में एक और सरपंच की मौत हो गई है। परली तालुका में राख ले जा रहे एक टिपर ने एक मोटरसाइकिल सवार को कुचल दिया। इस दुर्घटना में सरपंच अभिमन्यु क्षीरसागर की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना बीड के परली तालुका के मिरवात जंक्शन पर हुई। अभिमन्यु क्षीरसागर सौंदाना गांव के सरपंच थे। हुआ युं कि, सौंदाना के सरपंच अभिमन्यु क्षीरसागर बीड जिले के परली तालुका के मीरवात जंक्शन पर दोपहिया वाहन से जा रहे थे।

इसी दौरान एक राख ले जा रहे टिप्पर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस घटना में सरपंच अभिमन्यु क्षीरसागर की मौके पर ही मौत हो गई।बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद टिपर चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना ने बीड़ जिले में राख परिवहन को लेकर बहस को फिर से हवा दे दी है। इससे पहले कागे तालुका के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या ने बीड़ में पवन चक्की परियोजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए थे। अभिमन्यु क्षीरसागर की मौत के बाद इलाके में इस बात को लेकर आक्रोश का माहौल है और अब ये शंका आ रही है कि यह दुर्घटना थी या सोची समझी साजिश। पुलिस मामले की जांच कर रही है और टिपर चालक की तलाश कर रही है। इस घटना से बीड़ जिले के नागरिकों में आक्रोश की लहर दौड़ गई है और राख परिवहन को लेकर कदम उठाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

जहां कानून व्यवस्था पर पहले से ही सवाल उठ रहे थे, वहीं इस नई घटना ने प्रशासन पर और दबाव बढ़ा दिया है। आपको बता दें कि संतोष देशमुख हत्याकांड का मामला अभी तक सुलझा नहीं है। ऐसे में एक और सरपंच की मौत आक्रोश की लहर में तेजी ला रही है। बीड़ जिले के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की 9 दिसंबर को उस समय हत्या कर दी गई थी, जब उन्होंने कथित तौर पर क्षेत्र में पवन चक्कियां लगाने वाली एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध किया था।

# प्रतिबंधित खांसी सिरप के रैकेट का पर्दाफाश



**ठाणे.** मार्केट में दवाइंया अक्सर लोग बिना डॉक्टर की सलाह के लेते है। खांसी-जुकाम हो या बुखार लोग इसके लिए डॉक्टर के पास जाने से अच्छा खुद ही दवा लेकर अपना इलाज ढूंढ लेते है। लेकिन ऐसे में वे कौन-सी दवा ले रहे है और कितनी मात्रा में ले रहे है, इस बात पर गौर नहीं करते। मार्केट में कई ऐसी दवाएं है, जो मार्केट में सर्दी-खांसी के लिए उपलब्ध तो होती है लेकिन उसमें नशा भी होता है। कई लोग इन दवाओं का गलत इस्तेमाल भी कर लेते है। इससे बचने के लिए सरकार ने ऐसी दवाओं पर बैन भी लगा रखा है। हाल ही में ठाणे जिले में एक मामला सामने आया है, जिसमें 'कोडीन फॉस्फेट' की 192 बोतल बरामद की गई है और इसके साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।'कोडीन फॉस्फेट' वाले 'कफ सिरप' के प्रयोग से नशा होता है और ये मेडिकल स्टोर पर आसानी से उपलब्ध होता है, इसलिए इसका व्यापक रूप से दुरुपयोग किया जाता है। सरकार ने कोडीन आधारित कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को कल्याण क्षेत्र के कचोरे गांव से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 'कोडीन फॉस्फेट' की 192 बोतल जब्त कीं। अधिकारी ने बताया कि दोनों व्यक्तियों ने 'कोडीन फॉस्फेट' अवैध तरीके से अपने पास रखा था और उनका इरादा इसे बेचने का था।उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्राधिकारियों ने इसकी आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने तथा मादक पदार्थ के अवैध व्यापार में अन्य संभावित कड़ियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

# लोगों को निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगी

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के टोरेस ज्वेलर्स निवेश घोटाले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. पुलिस ने घोटाले की मास्टरमाइंड दो यूक्रेनी नागरिकों की पहचान की है, जिनमें एक महिला है. पुलिस ने बताया कि आर्टेम और ओलेना स्टोइन कंपनी के निदेशक सर्वेश सुर्वे और तौसीफ के साथ मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे थे. ओलेना और अर्टिम के खिलाफ जल्द ही एक लुक आउट सर्कुलर जारी किया जाएगा. ऐसा माना जा रहा है कि ओलेना और अर्टिम, घोटाला सामने आने के बाद देश छोड़ कर फरार हो गए हैं. धोखाधड़ी होने की सूचना पुलिस को नरीमन पॉइंट में रहने वाले एक सब्जी विक्रेता प्रदीप कुमार ममराज ने दी थी. पुलिस को कंपनी के खिलाफ 1,535 शिकायतें मिली हैं. कंपनी ने कथित तौर पर मोइसानाइट पत्थरों में निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करके निवेशकों को लुभाया था. कंपनी ने 6 फीसदी साप्ताहिक रिटर्न का वादा करती थी. कंपनी ने शुरुआत में रिटर्न का भुगतान करके निवेशकों का विश्वास हासिल किया, लेकिन 30 दिसंबर 2024 तक सभी भुगतान बंद कर दिए. टोरेस निवेश घोटाले में महाराष्ट्र पुलिस ने 11 जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी. पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने मुंबई की दादर में टोरेस ज्वेलरी स्टोर और शहर के एक फ्लैट से 5 करोड़ रुपये जब्त किए था. पुलिस अधिकारी ने बताया था कि टोरेस निवेश घोटाला 22 करोड़ रुपये का हो सकता है. उन्होंने बताया कि गुरुवार को अपराध शाखा की टीम ने छापा मारा जिसमें 5 करोड़ रुपये जब्त किए गए थे.




## महाविजय 3.0 अभियान की शुरुआत करेगी बीजेपी

**नई दिल्ली.** भाजपा ने शिरडी में दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है. हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भारी जीत के बाद पार्टी अब राज्य में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों पर ध्यान केंद्रित कर रही है. इस बैठक में महाविजय 3.0 अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसमें रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा शामिल होंगे. इस अभियान का उद्देश्य राज्य में विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन को दोहराना है, जहां 2022 से चुनाव होने हैं. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शनिवार शाम सभी भाजपा जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, उसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों और मंत्रियों के साथ बातचीत करेंगे. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पहले सत्र की शुरुआत करेंगे, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संबोधन शामिल होंगे. बैठक में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले जमीनी हालात का मुकाबला करने के लिए रणनीति तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा.

# दुकान से टकराई बिना ड्राइवर की बस



**मुंबई.** कन्नमवार नगर में शनिवार को बिना ड्राइवर के एक बस चाय की दुकान से टकरा गई जिसमें लोगों की जान बाल बाल बच गई. इस हादसे में एक पैदल यात्री घायल हो गया. पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह के समय हुआ, जब बस ड्राइवर ने बिना हैंड ब्रेक लगाए बस को स्टैंड के पास खड़ा कर दिया. रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर हैंड ब्रेक लगाना भूल गया था. पुलिस ने बताया कि बस चालक अपना शेड्यूल जानने के लिए स्टैंड के अंदर गया था. इस दौरान हैंड ब्रेक न लगे होने के कारण बस आगे बढ़ गई और सड़क किनारे स्थित चाय की दुकान से जा टकराई. यह बस अंधेरी के आगारकर चौक से आई थी. इस हादसे में 20 साल केचंद्रारदा राणा घायल हो गए. हालांकि, राणा ने इस घटना को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है. हादसे में चाय की दुकान को नुकसान पहुंचा, और बस की सामने की खिड़की भी टूट गई. पुलिस ने बताया कि घटना के समय दुकान पर मौजूद किसी अन्य व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है. पुलिस ने बताया कि बस चालक को घटना के लिए चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है. अधिकारियों का कहना है कि यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला था और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे. घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई. उनका कहना है कि बस चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था. स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बस चालकों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाए.

# मेट्रो के खंभे चुराने वाले गिरफ्तार



**पुणे.**

शिवाजीनगर के कामगार पुतला इलाके से 2 लाख रुपये का लोहे का खंभा चुराने वाले चोरों को पुलिस ने वसीम अयूब पठान (उम्र 32, निवासी इंदिरानगर) को गिरफ्तार कर लिया. गुलटेकडी), गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम मुस्तफा मुस्तकीम शेख (उम्र 35, निवासी कोंढवा) हैं। मेट्रो सुरक्षा गार्ड चंद्रकांत शेलार (उम्र 51, निवासी थेरगांव, चिंचवड़) ने शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, शिवाजीनगर से हिंजवडी मेट्रो लाइन पर काम चल रहा है। शिवाजीनगर कोर्ट क्षेत्र के कामगार पुताला क्षेत्र में मेट्रो सामग्री रखी हुई है, दो दिन पहले कांबले, शेख, मंसूरी, पठान ने कामगार पुताला क्षेत्र में रखे दो लाख रुपये के लोहे के खंभे चुरा लिए। वे इसे वाहन में लादकर कबाड़ के रूप में बेचने जा रहे थे। मेट्रो सुरक्षा गार्ड चंद्रकांत शेलार ने उसे हटा दिया. बताया गया कि आरोपी लोहे का खंभा चोरी करने की तैयारी में था। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी मेट्रो अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस को भी दी. पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक कविराज पाटिल कर रहे हैं.

# उद्धव की ताकत कमजोर हो रही

**नई दिल्ली.** भाजपा सांसद नारायण राणे का कहना है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी कमजोर हो रही है। दरअसल शिवसेना यूबीटी ने स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया है। उसे लेकर ही नारायण राणे ने तंज कसा है। शिवसेना यूबीटी के अकेले चुनाव लड़ने के एलान के बाद महाराष्ट्र के महा विकास अघाड़ी गठबंधन के अस्तित्व पर सवालिया निशान लग गया है। अकेले चुनाव लड़ने का एलान करते हुए शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा कि गठबंधन में अवसरों की कमी होती है और साथ ही संगठनात्मक विकास भी नहीं हो पाता है। राउत ने ये भी कहा कि महाविकास अघाड़ी और इंडी गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा के बीच बढ़ती कथित नजदीकियों को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा, 'मुझे इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं। पार्टी के वरिष्ठ नेता इस पर फैसला करेंगे और हमें वो मंजूर होगा।' भाजपा के स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने की संभावना पर प्रतिक्रिया देने से राणे ने इनकार कर दिया। बीड में सरपंच की हत्या को लेकर जारी हंगामे पर राणे ने संजय राउत को घेरा। उन्होंने कहा कि 'जब शिवसेना सत्ता में थी, तब राउत किसको बचा रहे थे? किस माफिया से उनकी मुलाकात हुई?

# 'दिल्ली को आप-दा से मुक्त करने का समय आ गया हैं'

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया. अमित शाह ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्त करने का समय आ गया है. 5 फरवरी को 'आप-दा' मुक्ति दिवस है.' उन्होंने कहा कि बीजेपी का घोषणा पत्र पत्थर की लकीर है. अमित शाह ने कहा, 'दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्ति दिलाना झुग्गियों की जिम्मेदारी है. हमने आपकी सभी जरूरतों की सूची बनाकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी को सौंप दी है. जैसे ही हम जीतेंगे, हम आपकी सभी समस्याओं को दूर कर देंगे. उन्होंने कहा, 'हमारे घोषणापत्र में आपकी सभी जरूरतें होंगी और यह आप के घोषणापत्र जैसा नहीं होगा और उसे पूछा किया जाएगा. आप दिल्ली के मुक्तिदाता हो सकते हैं. 5 फरवरी को 'आप-दा' से मुक्ति का दिन है. गृह मंत्री ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लिए 'आप-दा' हैं.

# ऊंट नृत्य और दौड़ बने मुख्य आकर्षण



राजस्थानी लोक संगीत की धुनों पर ऊंटों के नृत्य और ऊंची छलांगों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। पारंपरिक साज-सज्जा और फर कटिंग प्रतियोगिताओं में ऊंटों की सजावट और कलात्मकता ने भी खूब सराहना बटोरी।

# 'तमिलनाडु के शहर महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित'



**चेन्नई.**

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने पोंगल के अवसर पर डीएमके कार्यकर्ताओं को एक पत्र लिखा है। जिसमें उनकी तरफ से लिखा गया है कि उनकी सरकार की महिला समर्थक नीतियों के कारण तमिलनाडु के शहर देश में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित हैं। सीएम स्टालिन ने एक रिपोर्ट के हवाला देते हुए लिखा, चेन्नई, मदुरै, त्रिची, कोयंबटूर, सलेम, इरोड, थिरुपुर और वेल्लोर ने महिला सुरक्षा के लिए शीर्ष 20 सबसे सुरक्षित शहरों में स्थान हासिल किया है। यह हमारी द्रविड़ सरकार की तरफ से महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं की स्वतंत्रता को प्राथमिकता देने के कारण है। डीएमके सुप्रीमो की तरफ से यह टिप्पणी महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों को संभालने के लिए सात विशेष अदालतों की स्थापना और ऐसे मामलों से निपटने में तेजी लाने के लिए एक पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय विशेष समिति के गठन की घोषणा के एक दिन बाद आई है। सीएम स्टालिन ने कहा कि राज्य विधानसभा में महिला सुरक्षा पर केंद्रित कानूनों में संशोधन का मसौदा भी पेश किया गया। उन्होंने कहा, 'ये कानून इसलिए लाए गए ताकि तमिलनाडु की महिलाएं जो मुझे अपना पिता, भाई या बेटा मानती हैं, वे सुरक्षित महसूस करें। द्रविड़ मॉडल सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक महिला को सुरक्षा और स्वतंत्रता का आश्वासन देकर आत्म-सम्मान के साथ स्वतंत्र बनाया जा सके।